उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी...

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-46)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 18 दिसंबर, 2023




▶ आंकड़ों का खेल शैक्षिक प्रगति में बड़ी बाधा

▶ मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

▶ राज किरन का आज तक नहीं मिला कोई सुराग

## मोदी ने काशी तमिल एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंच गए हैं। अपने सांसद के स्वागत के लिए वाराणसी पूरी तरह से तैयार है। एयरपोर्ट से शहर तक सड़क किनारे लोगों ने गुलाब की पंखुड़ियों से भव्य स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अन्य नेता वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2.0 के उद्घाटन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2.0 का उद्घाटन किया। पीएम ने रिमोट का बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस दौरान हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा। पीएम मोदी और सीएम योगी नमो घाट पर काशी तमिल संगमम के कार्यक्रम में पहुंचे। यहां मंच पर साउथ से आए शास्त्री पंडितों ने भव्य स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 140 करोड़ देशवासी इस संकल्प से भर जाएं कि अब देश को आगे ले जाना है, हर एक की जिंदगी बदलनी है। तो अगले 25 साल में देश विकसित भारत बनके रहेगा।

हम आज जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा। देश विकसित भारत बन जाएगा।

इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। इसके लिए संकल्प लेना होगा, मन बनाना होगा। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं। विकसित भारत संकल्प यात्रा हम सबका बहुत बड़ा संकल्प है, जिसे हमें सिद्ध करना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू सहित तमाम गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

## नक्सलियों से मुठभेड़ में एक जवान शहीद, एक अन्य घायल

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा ज़िले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में रविवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक अधिकारी शहीद हो गया तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ की 165वीं बटालियन के उप निरीक्षक सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए तथा आरक्षक रामू गोली लगने से घायल हो गये।

अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह सात बजे जगरगुंडा थाने के अंतर्गत बेदरे शिविर से सीआरपीएफ की 165वीं बटालियन की कंपनी उर्सांगल गांव की तरफ अभियान पर निकली थी।

अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने आस-पास के इलाके में अभियान चलाकर चार संदिग्धों को पकड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

## नागपुर में सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में हुआ ब्लास्ट, अबतक सात लोगों की मौत



नागपुर में सोलर एक्सक्लूसिव कंपनी में जबरदस्त ब्लास्ट हुआ है। घटना रविवार को हुई है जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई है। सोलर एक्सप्लोसिव कंपनी में कास्ट बूस्टर प्लांट में यह धमाका पैकिंग के दौरान हुआ है ।माना जा रहा है कि ब्लास्ट बेहद गंभीर है और हादसे में मरने वालों की तादाद में इजाफा हो सकता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक मरने वालों में चार महिलाएं और तीन पुरुष शामिल है, जबकि हादसे में तीन लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह जानकारी एसपी नागपुर ग्रामीण हर्ष पोद्दार ने साझा की है। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों की मान्य तो यह सोलर कंपनी नागपुर की अमरावती रोड पर बनी हुई है। माना जा रहा है कि हादसा रविवार की सुबह नौ बजे के समय हुआ जब एक्सप्लोसिव को पैक किए जाने का काम किया जा रहा था। चश्मदीदों की माने तो ब्लास्ट बहुत तेज था और इस ब्लास्ट में कई मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्लास्ट में अब तक सात लोगों की मौत की खबर है और तीन लोग घायल है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विस्फोट सुबह नौ बजे बाजारगांव इलाके में 'सोलर इंडस्ट्रीज' की 'कास्ट बूस्टर' इकाई में हुआ। उन्होंने बताया कि कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जब धमाका सुबह हुआ तो उस समय यूनिट में कुल 12 कर्मचारी उपस्थित ते। विस्फोट फर्म के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ है। अब तक ये जानकारी सामने नहीं आई है कि ब्लास्ट क्यों हुआ था और इसका कारण क्या था।

## इंडिया गठबंधन में फिर तकरार!

### केजरीवाल ने पंजाब में 13 सीटों पर चुनाव लड़ने के दिए संकेत



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को 1125 करोड रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की है और विकास क्रांति दिल्ली में हिस्सा भी लिया है। इस विकास क्रांति रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहे ।इस दौरान अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। इसके अलावा उन्होंने इस रैली में एक बड़ा इशारा किया है जिसके बाद इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा जोरों पर होने पर लगी है। इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट शेयरिंग से पहले ही अरविंद केजरीवाल ने एक बड़ा बयान देकर खलबली मचा दी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि लोकसभा में पंजाब की सभी 13 सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ सकती है।

अरविंद केजरीवाल ने रैली के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव में पंजाब की सभी 13 सीटें हमें दीजिए। उन्होंने कहा कि अपने दिल्ली का काम देखने के बाद पंजाब में हमें वोट दिया और 117 में से 92 सीटों पर विजयी बनाए। उन्होंने कहा कि मेरा दिल कह रहा है कि यहां 117 में से 110 से ज्यादा सीटें आम आदमी पार्टी जीत कर लाएगी। पंजाब में लोकसभा की 13 सीटें हैं और एक सीट चंडीगढ़ की है, मेरा जनता से अनुरोध है कि सभी तेरा सेट हमें दीजिए और हमारे हाथ में मजबूती लेकर आइए।

दिल के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सभी विपक्षी पार्टियों भगवंत मान द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को देखकर डरी हुई है।

समूह विपक्षी पार्टियों मिलकर केंद्र के पास गई और कहा कि यह लोग बहुत कम कर रहे हैं उनके विकास के काम को रोको। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने गंदा काम किया और पंजाब की सेहत का और सड़कों का पैसा रोक दिया। केंद्र सरकार ने नांदेड़ साहिब, हजूर साहिब और पटना साहिब जाने वाली ट्रेन में देने से भी इंकार कर दिया। केंद्र सरकार जिस तरह दिल्ली में दिल्ली सरकार को कम करने से रुकती है इस तरह से पंजाब में भी पंजाब सरकार को कम करने से रोकने में अलग-अलग तरीके निकल रही है। केंद्र सरकार लगातार पंजाब की जनता को दुखी करने में जुटी हुई है।

## कश्मीर में आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कुछ और वक्त लगेगा: डीजीपी स्वैन

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि घाटी में आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कुछ और वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस आतंकवाद के प्रचार-प्रसार को रोकने के लक्ष्य को हासिल करने के अलावा घुसपैठ को पूर्ण रूप से रोकने, आतंकवाद में शामिल होने वाले युवाओं के मामलों पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने और हथियार व गोला-बारूद की तस्करी की घटनाओं पर पूर्ण रूप से शिकंजा कसने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। पीटीआई की वीडियो सेवा को दिए एक साक्षात्कार में स्वैन ने यह भी कहा कि इस साल स्थानीय आतंकवादियों की संख्या में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस साल स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 20 से भी कम दर्ज की गई जबकि 2022 में यह संख्या 100 थी। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि विदेशी आतंकवादी अब भी एक खतरा बने हुए हैं ।उन्होंने कहा, पिछले साल इस अवधि तक यह संख्या 100 थी।

## पीएसी का 76वां स्थापना दिवस समारोह सीएम योगी ने दिया आश्वासन - पदोन्नति की विसंगतियां जल्द करेंगे दूर



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी के 76वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पीएसी में पदोन्नति की विसंगतियों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। इसके लिए गृह विभाग को निर्देश दिया जा चुका है। जल्द इसकी घोषणा होगी ताकि पीएसी बल का मनोबल बना रहे। उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी उपद्रव या चुनाव हो तो पीएसी बल याद किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी और पीएसी के स्थापना दिवस का शताब्दी वर्ष एक साथ मनाया जाएगा, लिहाजा इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी जाएं। प्रदेश में पीएसी बल कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में अहम योगदान दे रहा है। धार्मिक, सार्वजनिक कार्यक्रमों, विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा, यातायात ड्यूटी, यूपी 112, एसटीएफ, एटीएस, एसडीआरएफ में पीएसी बल उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

वर्ष 2001 में संसद पर हमला हो या फिर रामजन्मभूमि पर आतंकी हमला, पीएसी बल के जवानों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए हमलावरों को ढेर किया। उनका यह योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा पहले की सरकारों में पीएसी बल को लेकर संकीर्ण सोच थी।

उन्होंने 46 कंपनियों को समाप्त कर दिया था।










## संपादकीय

### स्वस्थ परंपरा नहीं

इसमें दो राय नहीं कि संसद पर दो दशक पहले हुए हमले वाले ही दिन दुबारा सूरक्षा चूक का जो मामला सामने आया, उस पर सांसदों की तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही थी। मगर घटना के विरोध में भारी हंगामा भी टाला जाना चाहिए था। निस्संदेह, जनप्रतिनिधि किसी भी समाज के नायक होते हैं और उनके व्यवहार का सीधा प्रभाव समर्थकों व नागरिकों पर भी होता है। वहीं दूसरी ओर 15 विपक्षी सांसदों का शीतकालीन सत्र के लिये निलंबन भी अप्रिय घटनाक्रम ही कहा जाएगा। यह भी हकीकत है कि विपक्ष ने भी सूरक्षा चूक मामले को सरकार को घेरने के एक अवसर के रूप में देखा। यह विडंबना ही कही जाएगी कि हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जहां विपक्षी सांसदों में खासी तल्खी देखी जाती है, वहीं सत्तापक्ष द्वारा भी उसी अंदाज में प्रतिकार होता है। निस्संदेह, इस तरह का व्यवहार स्वस्थ लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों ही जनहित के सरोकारों को लेकर प्रतिबद्ध होते हैं। सत्ता पक्ष का दायित्व जहां आर्थिक विकास व नियोजन का क्रियान्वयन करना होता है, वहीं विपक्ष का दायित्व सत्ता पक्ष के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाना होता है। दोनों जनहित में प्रयासरत रहते हैं तो ऐसे में तल्खी, अप्रिय वाद-विवाद तथा निलंबन आदि का औचित्य क्या है? दोनों पक्षों को दुराग्रह से मुक्त होकर सुचारु रूप से सदन चलाना चाहिए। जाहिर बात है कि लोकसभा में विपक्ष के चौदह और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन के निलंबन को टालने का प्रयास करना चाहिए था। अतीत में भी सदन में गर्मागर्मी व तीखी बहसें होती रही हैं लेकिन सत्ता पक्ष अप्रिय टकराव टालने के प्रयास करता रहा है। निस्संदेह, माननीयों के व्यवहार में शालीनता, गरिमा व धैर्य जैसे मानवीय भाव दृष्टिगोचर होने चाहिए। जिससे देश की जनता व विदेश में भारत की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का संदेश जाए।दरअसल, सूरक्षा चूक के मामले में विपक्ष गृहमंत्री के बयान देने की मांग पर अड़ा था। साथ ही मांग थी कि भाजपा के उस सांसद पर भी कार्रवाई हो, जिसकी अनुशंसा पर आरोपियों को संसद की दर्शक दीर्घा में प्रवेश मिला। बहुत संभव है देर-सवेर सरकार के किसी जिम्मेदार मंत्री द्वारा विपक्ष की मांग पर बयान दिया जाता। वहीं दूसरी ओर उत्तेजित हुए विपक्षी सांसदों को भी जरूरी संयम का परिचय देना चाहिए था। लेकिन आम चुनाव की ओर बढ़ते देश में लोकसभा के आखिरी सत्र में राजनीतिक प्रतिक्रिया के निहितार्थ समझना भी कठिन नहीं है। निस्संदेह, संसद की सुरक्षा एक संवेदनशील मुद्दा है और बाईस साल पहले हुए हमले में हमने बड़ी कीमत चुकायी थी। विश्वास था कि उस घटना से सबक लेकर हमने सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था की होगी। लेकिन येन-केन-प्रकारेण दो युवक संसद की सुरक्षा व्यवस्था को भेदने में कामयाब हुए। जाहिर है कि देश की संसद की सुरक्षा में खामी रहने से उपजे घटनाक्रम का देश के जनमानस के मनोबल पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऐसे में विपक्ष का सुरक्षा चूक मामले में जवाब मांगना तो बनता ही था। लेकिन इस मामले में सुरक्षा व जांच एजेंसियों की पड़ताल के लिये भी समय दिया जाना चाहिए। निस्संदेह, यह सरकार के सुरक्षा प्रबंधों की विश्वसनीयता का प्रश्न भी है। इस मामले में विपक्ष से भी जवाबदेह व संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की ही जाती है।

# केन्द्रीय बजट में सुधरेगी किसान की दशा

इस अजीबोगरीब प्रस्ताव से महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा अवश्य हुआ, लेकिन कुछेक दिनों बाद ही सब भुला दिया। त्रासदी यह है कि जो बात कृषि संकट को प्रकट करे उसे इतनी आसानी से अनदेखा कर दिया जाता है। यह भी ऐसे में जब बकाया कर्ज न चुका पा सकने वाले कार्पोरेट, यहां तक कि वे ऐसा करने की स्थिति में होते हैं, तो भी न केवल राजनीतिक नेतृत्व बल्कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) भी उनको सुरक्षा घेरा प्रदान कर देता है।कुछ माह पूर्व की घटना है, 16,044 जानबूझकर डिफाल्टरों के साथ समझौता करने को लेकर आरबीआई ने रक्षा कवच की भूमिका निभाते हुए बैंकों को निर्देश दिया था जिन्हें बैंकों के 3.45 लाख करोड़ रुपये का बकाया वापस करने में असफल रहने के लिए किसी भी स्थिति में जेल भेजा जाना चाहिये था। बता दें कि जानबूझकर डिफाल्टर उन्हें कहा जाता है जो अदायगी में सक्षम होते हुए भी ऐसा करने से इंकार कर देते हैं। हकीकत तो यह है कि वे बैंकिंग प्रणाली के तहत जवाबदेही से जुड़े नियम-कानूनों को ठेंगा दिखाते हैं।



कुछ दिन पहले की बात है, महाराष्ट्र के हिंगोली ज़िले के दस कर्जदार किसानों ने वहां के मुख्यमंत्री से एक अनोखी व अद्भुत गुजारिश की। जिसके तहत उन्होंने पैसा वसूली के लिए अपने शारीरिक अंगों की नीलामी करने की इच्छा जताई। जिससे वे राष्ट्रीयकृत बैंकों को भुगतान कर सकें। उन्होंने अपने अंग बेचने का प्रस्ताव रखा, और असल में उन्होंने बाकायदा 'रेट कार्ड' भी तैयार कर रखा था- लीवर के लिए 90,000 रुपये, किडनी के लिए 75,000 रुपये और एक आंख के 25,000 रुपये। इस अजीबोगरीब प्रस्ताव से महाराष्ट्र विधानसभा में हंगामा अवश्य हुआ, लेकिन कुछेक दिनों बाद ही सब भुला दिया। त्रासदी यह है कि जो बात कृषि संकट को प्रकट करे उसे इतनी आसानी से अनदेखा कर दिया जाता है। यह भी ऐसे में जब बकाया कर्ज न चुका पा सकने वाले कार्पोरेट, यहां तक कि वे ऐसा करने की स्थिति में होते हैं, तो भी न केवल राजनीतिक नेतृत्व बल्कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) भी उनको सुरक्षा घेरा प्रदान कर देता है।कुछ माह पूर्व की घटना है, 16,044 जानबूझकर डिफाल्टरों के साथ समझौता करने को लेकर आरबीआई ने रक्षा कवच की भूमिका निभाते हुए बैंकों को निर्देश दिया था जिन्हें बैंकों के 3.45 लाख करोड़ रुपये का बकाया वापस करने में असफल रहने के लिए किसी भी स्थिति में जेल भेजा जाना चाहिये था। बता दें कि जानबूझकर डिफाल्टर उन्हें कहा जाता है जो अदायगी में सक्षम होते हुए भी ऐसा करने से इंकार कर देते हैं। हकीकत तो यह है कि वे बैंकिंग प्रणाली के तहत जवाबदेही से जुड़े नियम-कानूनों को ठेंगा दिखाते हैं।इसके बावजूद, उनके प्रति आरबीआई नरमी बरत रहा है। बारह माह के कूलिंग पीरियड के बाद बैंकों को नए कर्ज देने की भी अनुमति दी गई है। विडंबना, इन जानबूझकर डिफाल्टरों को असल में जान-बूझकर भुगतान करने में असमर्थता के कारण माफ कर दिया गया है, और फिर भी उन्हें नए कर्ज दिए जा रहे हैं, जिससे वे फिर से चूक कर सकते हैं और वापस अदायगी करने से ना-नुकुर कर सकते हैं। अब एक मिसाल कायम होने के बाद, वे कुछ सालों के बाद फिर एक और कर्ज की रकम माफी की उम्मीद करेंगे। यदि केवल आरबीआई ने कर्ज न चुका सकने वाले किसानों पर भी बैंकों को नरमी बरतने को कहा होता तो मुझे पक्का यकीन है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) साल 2022 के लिए जो रिपोर्ट दी थी उसमें से अधिकतर किसानों और कृषि श्रमिकों द्वारा किये गये सुसाइड को आसानी से टाला जा सकता था।साल 2021 में रिपोर्ट किये गये कृषि क्षेत्र में आत्महत्याओं के 10881 मामलों के मुकाबले, एनसीआरबी द्वारा साल 2022 में इस क्षेत्र में सुसाइड के 3.7 प्रतिशत मामले ज्यादा दर्ज किये गये जब कुल 11290 किसानों व कृषि श्रमिकों ने घातक रास्ता अख्तियार किया। साल 2022 में जिन कुल 5207 किसानों ने अपनी जान दी, उनमें 208 महिलाएं थीं। इसी तरह सुसाइड करने वाले 6083 खेत मजदूरों में 611 महिला श्रमिक थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें अधिकतर आत्महत्याएं महाराष्ट्र, कर्नाटक व मध्य प्रदेश में हुईं। अकेले महाराष्ट्र में कुल किसान-श्रमिक आत्महत्याओं में से 38 प्रतिशत यानी 4,248 आत्महत्याएं दर्ज की गईं। यदि पहले वर्णित की गयी घटना यानी हिंगोली जिले में कुछ किसानों द्वारा प्रस्तावित शरीर के अंगों की नीलामी की रिपोर्ट के हिसाब से देखा जाए, तो महाराष्ट्र में जारी संकट तत्काल नीतिगत कदम उठाने की जरूरत बताता है। ऐसा ही देश के बाकी हिस्सों के साथ भी है, जहां कृषि संकट गहराता जा रहा है।महाराष्ट्र के वित्त मंत्री देवेन्द्र फड़नवीस पहले ही पीएम किसान स्कीम में आवंटन दोगुना करने की घोषणा कर चुके हैं। केंद्र द्वारा किसानों को हर वर्ष दिए जाने वाले 6,000 रुपये के अलावा, महाराष्ट्र भी उतनी ही राशि देगा, जिससे आवंटन बढ़कर 12,000 रुपये सालाना हो जाएगा। कुल 1.7 करोड़ से अधिक किसानों को 1 रुपये में फसल बीमा का लाभ दिया गया है, लेकिन यह कौन सुनिश्चित करेगा कि किसानों की फसल के नुकसान के लिए बीमा कंपनी उन्हें उचित मुआवजा देगी? हमने किसानों को फसल के खराबे की क्षतिपूर्ति के रूप में 15 रुपये, 100 रुपये, 200 रुपये आदि भुगतान की रिपोर्ट देखी है। फसल बीमा को किसानों के लिए एक बड़े लाभ के रूप में पेश किया जाता है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि 2016 में योजना शुरू होने के बाद से निजी बीमा कंपनियां 57,619 करोड़ रुपये का मुनाफा बटौर चुकी हैं। वास्तव में, पीएम फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) एक ऐसी बड़ी योजना लगती है जो बीमा कंपनियों के लिए बड़ा मुनाफा यकीनी बनाती है। फिर भी, इधर-उधर की बातों से काम नहीं चलने वाला। महाराष्ट्र को समुचित नीतियों और संबंधित प्रोत्साहनों के एक वैकल्पिक पैकेज की आवश्यकता है जो पुनर्जीवित कृषि का बीज बो सके। आखिरकार, यदि गन्ने का मात्र 4 प्रतिशत क्षेत्र 70 प्रतिशत भूजल खींच सकता है, तो जब तक जल संतुलन ठीक नहीं हो जाता, तब तक खेती के पुनर्निर्माण में सहायता कैसे मिलेगी? लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पानी की ज्यादा खपत वाले गन्ने के क्षेत्र को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की बात करने की राजनीतिक हिम्मत किसमें होगी? यह सिर्फ एक असंतुलन है जो किसी भी खेत की आर्थिक व्यवहार्यता से संबंधित है।

देशभर में ग्रामीण मजदूरी में गिरावट आई है, और यहां तक ??कि सकल कृषि मूल्यवर्धन (जीवीए) भी वित्त वर्ष 2012 के बाद से सबसे कम रहा है।

जिससे ग्रामीण उपभोग में कमी आई है। हम जो आर्थिक तेजी देख रहे हैं वह शीर्ष के 10 फीसदी लोगों के हाथों में केंद्रित है। इसे ज़्यादातर ऑटोमोबाइल बिक्री के नजरिये से देखा जाता है। महानगरों में जहां चौपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ रही है, वह भी लग्जरी सेग्मेंट में सबसे ज्यादा वृद्धि पर है, वहीं दोपहिया वाहनों की बिक्री अभी भी रफ्तार नहीं पकड़ रही है। आम तौर पर यह उम्मीद की जाती है कि ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि के बाद ही ग्रामीण आबादी साइकिल से स्कूटर-मोटरसाइकिल की ओर स्थानांतरित होती है।

जैसा कि एनसीआरबी का मानना ??है, बढ़ती सुसाइड दर के मूल में कृषि संकट प्राथमिक कारण है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्र की मांग सुस्त बनी हुई है। शायद बिगड़ते कृषि परिदृश्य का बेहतर प्रतिबिंब सबसे अमीर व्यापारिक ब्लॉक, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की नवीनतम रिपोर्ट से मिलता है। ओईसीडी के 38 सदस्यों सहित 54 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में कृषि क्षेत्र के विश्लेषण में, अध्ययन से पता चलता है कि भारत में किसानों पर वर्ष 2000 से लगातार कर लगाया जा रहा है। हालांकि कुछ देश ऐसे हैं जहां कृषि नकारात्मक क्षेत्र में है लेकिन इन सभी देशों ने कृषि घाटे को बजटीय मदद से पूरा कर लिया है।

# जातिगत व्यवस्था से बाहर निकलने को छटपटाता भारत!

टुडे के एक्सिस माई-इंडिया सर्वे के अनुसार मध्यप्रदेश में बीजेपी को 48.55 फीसदी तथा कांग्रेस को 40.40 फीसदी वोट मिले हैं।छत्तीसगढ़ में बीजेपी को 46.27 फीसदी तथा कांग्रेस को 42. 23 फीसदी वोट मिले हैं। राजस्थान में बीजेपी को 41.7 फीसदी तथा कांग्रेस को 39.5 फीसदी वोट मिले हैं।इसप्रकार तीनों राज्यों में बीजेपी को कांग्रेस की तुलना में क्रमश: 8.15 फीसदी, 4.04 फीसदी तथा 2.2 फीसदी वोट अधिक मिले हैं। मध्यप्रदेश में जातिवार वोटों का अंतर इस प्रकार रहा है = ओबीसी वोट ङ्क बीजेपी 57त्न, कांग्रेस 32त्न; गैर ब्राह्मण सामान्य श्रेणी वोट ङ्क बीजेपी 59त्न, कांग्रेस 31त्न; ब्राह्मण वोट ङ्क बीजेपी 60त्न, कांग्रेस 29त्न; दलित वोट ङ्क बीजेपी 42त्न, कांग्रेस 44त्न तथा आदिवासी वोट ङ्क बीजेपी 44त्न, कांग्रेस 45त्न. कमोबेश यही स्थिति अन्य दोनों हिंदी प्रदेशों की भी रही है।मध्यप्रदेश के संदर्भ में उपरोक्त आंकड़ों को यदि सत्य के करीब माना जाए तो कांग्रेस ओबीसी, सामान्य और ब्राह्मण वोटों के मामले में बीजेपी से बहुत पिछड़ गयी है। राहुल गांधी ने अपने चुनाव प्रचार में सबसे अधिक जोर ओबीसी मतदाताओं को प्रभावित करने में लगाया था और सभी जगह जहां उन्होंने रैलियां और जनसभाएं कीं, वहां जातीय जनगणना के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। लेकिन उपरोक्त मत प्रतिशत को देखने से यह साफ हो जाता है कि ओबीसी वोटरों में राहुल गांधी की अपील का कोई विशेष असर नहीं हुआ। कांग्रेस को बीजेपी की तुलना में ओबीसी वोटरों के लगभग आधे वोट ही मिल पाए हैं। ब्राह्मण मतदाताओं का बहुमत तो परंपरागत रूप से बीजेपी के साथ रहा ही, लेकिन गैर ब्राह्मण सामान्य वोटरों में भी दुगना अंतर परिलक्षित हो रहा है। मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासी वोटरों का झुकाव कांग्रेस की ओर रहा है, लेकिन अंतर बहुत मामूली है। इस विश्लेषण से यह साफ है कि मध्यप्रदेश में दोनों प्रतिद्वंद्वी दलों में वोटों का 8.15



पंकज कुमार मिश्रा,
मिडिया विश्लेषक एवं
पत्रकार जौनपुर यूपी

**असलियत तो ये है की यह भाजपा के क्षेत्रीय क्षत्रपों का इन फैसलों से सफाया किया गया है। जो भी व्यक्ति मोदी के लिए चुनौती बन जाता है, उसको निपटा दिया जाता है। लोकतंत्र की हत्या भाजपा में भी हो रही है ज़्योंकि चुने हुए विधायक नहीं बल्कि लोगों का फ़ैसला ही थोपा जाएगा। यह तीनों मुज़्यमंत्री रबर स्टांप की तरह जनता और वोटर के इशारे पर चलेंगे।**

फीसदी का अंतर बहुत ज्यादा है और 2024 के लोकसभा चुनाव में इस अंतर को पाटना कांग्रेस के लिये बहुत कठिन होगा। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस की स्थिति सिर्फ छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में ही बीजेपी से बेहतर रही है जहां कांग्रेस ने सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में विजय हांसिल की है। इससे तो यही लगता है कि मध्यप्रदेश में 2024 के आमचुनाव का परिणाम 2019 जैसा ही रहेगा। जहां तक छत्तीसगढ़ और राजस्थान का सवाल है वहां दोनों दलों में वोट प्रतिशत का अंतर क्रमश: 4.04त्न तथा 2.2त्न रहा है। इन दोनों प्रदेशों में कांग्रेस कुछ बेहतर प्रदर्शन कर सकती है बशर्ते वह कुछ आकर्षक मुद्दों के साथ चुनाव मैदान में उतरे और बीजेपी के हिंदुत्व तथा राष्ट्रवाद के मुद्धों का तोड़ ढूंढ सके। बीजेपी हमेशा की तरह 2024 के आमचुनाव में भी अपना आजमाया हुआ सांप्रदायिकता का कार्ड अवश्य खेलेगी। बीजेपी के पक्ष में अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का उदघाटन तथा भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा का भव्य समारोह आयोजित होना है। बीजेपी के दूसरी और तीसरी पंक्ति के नेता ही नहीं स्वयं प्रधानमंत्री सांप्रदायिकता का कार्ड खेलने में कोई संकोच नहीं करते हैं। यह हमने कर्नाटक के बाद राजस्थान में भी देखा है जहां प्रधानमंत्री ने उदयपुर में एक हिन्दू की हत्या का मुद्दा बार-बार उठाने से परहेज नहीं किया। कुल मिलाकर कांग्रेस यदि जातिवादी आरक्षण ख़त्म करने, सवर्ण आयोग जैसा कुछ नया, बीजेपी के हिंदुत्व, उग्र राष्ट्रवाद, साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण और लाभार्थी योजनाओं का कोई तोड़ ला सके तो वह इन तीनों हिंदी प्रदेशों की 65 में से इकाई की संख्या में कुछ सीटें निकाल सकती है। अन्यथा परिणाम 2019 का दोहराव ही होगा।वैसे भारत अब जातिवादी व्यवस्था से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा। आरक्षण का लाभ केवल धनाढ्य दलित और ओबीसी परिवार उठा रहें बाकी तो अब भी पांच किलो राशन के लाईन में लगे दिखाई दें रहें। इनके शिक्षा और विकास की चिंता किसी को नहीं। मध्यप्रदेश में नई सरकार के गठन के साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साम्प्रदायिक कार्ड चल दिया है। उन्होंने प्रशासन से एक साथ तीन कार्रवाइयां करवाई हैं, धार्मिक स्थलों (मस्जिदों) से लाउडस्पीकर हटवाना, सार्वजनिक स्थानों से मांस और अंडे की दुकानें हटवाना तथा 3. बीजेपी के एक कार्यकर्ता पर तलवार से हमला करने वाले मुस्लिम शख्स का घर बुलडोजर से ढहाना। ये तीनों कार्य हिन्दू साम्प्रदायिक मानसिकता को खाद-पानी देने वाले हैं। भविष्य में उत्तरप्रदेश की तरह मध्यप्रदेश में भी बुलडोजर संहिता लागू होने की पूरी संभावना है। मध्यप्रदेश अपेक्षाकृत एक शांत प्रदेश है। अब यह शांति कब तक रहती है यह आने वाला समय ही बताएगा। तीन राज्यों के निर्णयों को ऐतिहासिक बताना अपने प्रचार तंत्र के माध्यम से जनता पर एक विचार थोपने जैसा है ठीक वैसे ही जैसे इन राज्यों पर इन तीन नामों का फैसला थोपा गया।


## स्वच्छता का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन के लिए हरियाली को बढ़ावा देना



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। निर्माणी के परिसर तथा विभिन्न विभागों एवं तीनों निर्माणियों के आवास स्थल अरमापुर स्टेट में मुख्य अतिथि आयुध निर्माणी के कार्यकारी निर्देशक अजय सिंह को महाप्रबंधक प्रशासन ज्योति त्रिवेदी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया।पिछले एक पखवारे से चलाए जा रहे सफाई अभियान का सभा कक्ष में सफाई व्यवस्था पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर समापन हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े का उद्देश्य पर्यावरण संतुलन के लिए हरियाली को बढ़ावा देना एवं प्लास्टिक का त्याग करना एवं इसके लिए दूसरों को प्रेरित करना है। इस दौरान हम लोगों ने पार्कों की सफाई के साथ-साथ बहुत सारे फलदार पौधों का रोपण भी किया ताकि पर्यावरण को संतुलित किया जा सके। स्वच्छता अभियान के समापन के अवसर पर निर्माणी के बहुत सारे अधिकारियों के साथ यूनियन एसोसिएशन के तमाम सारे कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# भारत फिर जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन की ओर



गोंदिया । वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश जलवायु परिवर्तन के भीषण परिणाम से पीड़ित है, जिसका निदान करना और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना, पर्यावरण की रक्षा करना हर देश ही नहीं बल्कि हर मानवीय जीव का कर्तव्य है। पिछले कई दिनों व आज 10 दिसंबर 2023 को हम देख रहे हैं ठंड का मौसम होने के बावजूद भारत के अनेक भागों में झमाझम बारिश हो रही है दक्षिण में तूफान कहर बरपा रहा है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्टपरिणामो का ही असर है। पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए ही वैश्विक 28 वा कॉप वैश्विक शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक विचार विमर्श, मंथन कर सर्वसम्मति अनुमति से योजनाएं बनाकर वैश्विक स्तरपर क्रियान्वयन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा, जिसमें भारतीय पीएम भी शरीक हुए। चूंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से आज पूरी मानव जाति पीड़ित है, परंतु दुनियां की सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होना भारत की उपलब्धि दर्शाता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कॉप 28 शिखर सम्मेलन दुबई 2023 में भारत का शौर्यपूर्ण डंका बजा ! भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की उच्च रैंकिंग सातवें स्थान पर आया।

साथियों बात अगर हम भारत के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक की उच्च रैंकिंग सातवें नंबर पर आने की करें तो, सम्मेलन में शुक्रवार को जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सूची में सातवें स्थान पर है। भारत पिछली बार जलवायु परिवर्तन प्रदर्शनसूचकांक में आठवें स्थान पर था।ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। दुबई में आयोजित वैश्विक जलवायु वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची जारी हुई। सूची में भारत ने एक पायदान की बढ़ोत्तरी की है। सूची के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बता दें, वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बावजूद इसके यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे डाटा से साफ होता है कि प्रति व्यक्ति जीएचजी श्रेणी में भारत दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के बेंचमार्क को छूने वाला है। यह आंकड़ा सकारात्मक रुझानों को दर्शाता है। हालांकि, इसकी गति बहुत धीमी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई, जो दुनियां भर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते हैं। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है, लेकिन जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है।सूचकांक में कहा गया है कि भारत, दुनियां का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। सूचकांक पर आधारित रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारा डेटा दिखाता है कि प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस श्रेणी में देश 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे के मानक को पूरा करने की राह पर है। हालांकि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में थोड़ा सकारात्मक रुझान दिखता है, लेकिन यह रुझान बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।

साथियों बात अगर हम कॉप 28 शिखर सम्मेलन में शुक्रवार दिनांक 9 सितंबर 2023 को जारी रिपोर्ट को विस्तृत रूप से जानने की करें तो, जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (सीसीपीआई) विशेषज्ञों ने बताया कि भारत स्पष्ट दीर्घकालिक नीतियों के साथ अपने राष्ट्रीय स्तरपर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों के घरेलू विनिर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इसके बावजूद भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें अभी भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर भारी निर्भरता से पूरी हो रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्भरता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का एक प्रमुख स्रोत है और विशेष रूप से शहरों में गंभीर वायु प्रदूषण का कारण बनती है। भारत अब भी तेल-गैस और पेट्रोल पर हैं

हमारे, सीसीपीआई के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत दीर्घ कालिक नीतियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। हालांकि, भारत की जरूरतें अब भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर पूरी तरह से निर्भर करती है। तेल-गैस और कोयला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रमुख स्रोत है। यह वायु प्रदूषण का भी अहम कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर अपेक्षाकृत अधिक कर है। इस कर की कुछ विशेषज्ञ सराहना करते हैं, उनका कहना है कि इससे पेट्रोल-डीजल की खपत में कटौती हो सकती है। वहीं कुछ जानकार इसे राजस्व को बढ़ाने का तरीका बताते हैं।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

-सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# आंकड़ों का खेल शैक्षिक प्रगति में बड़ी बाधा

## शिक्षा में आंकड़ों का इस्तेमाल अक्सर शिक्षकों पर दबाव बनाने के लिए किया जाता है: विशेषज्ञ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शिक्षा में आंकड़ों के खेल में शिक्षक को जानबूझकर उलझाया जाता है। यह एक गंभीर समस्या है जिसका शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आंकड़े एक शक्तिशाली उपकरण हैं जिन्हें सही तरीके से इस्तेमाल करने पर बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है लेकिन अगर आंकड़ों का इस्तेमाल गलत तरीके से किया गया तो वे बहुत नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। शिक्षा में आंकड़ों का इस्तेमाल अज़्सर शिक्षकों पर दबाव बनाने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए अगर किसी स्कूल में परीक्षा परिणाम खराब होते हैं तो शिक्षकों को जवाबदेह ठहराया जाता है और उन पर परिणाम सुधारने के लिए दबाव डाला जाता है। ऐसे में शिक्षकों को लगता है कि उन्हें परीक्षा परिणामों में सुधार करने के लिए कुछ भी करना पड़ेगा चाहे वह सही हो या गलत। वे अज़्सर ऐसे तरीके अपनाने लगते हैं जो छात्रों के वास्तविक सीखने को नुकसान पहुंचाते हैं।उदाहरण के लिए वे छात्रों को परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए सिर्फ वही सामग्री पढ़ाएंगे जो परीक्षा में पूछी जाएगी। वे छात्रों को रटने के लिए प्रेरित करेंगे। ऐसे में छात्र वास्तविक ज्ञान हासिल नहीं कर पाते हैं और उनकी शैक्षिक प्रगति बाधित होती है।





### शिक्षा में आंकड़ों के खेल को रोकने के लिए ये कदम उठाने की जरूरत

शिक्षकों को आंकड़ों के सही इस्तेमाल के बारे में शिक्षित करना चाहिए। उन्हें यह समझाना चाहिए कि आंकड़ों का इस्तेमाल कैसे किया जाए कि वे छात्रों के वास्तविक सीखने को नुकसान न पहुंचाएं। शिक्षकों पर परीक्षा परिणामों के आधार पर दबाव नहीं डालना चाहिए। उन्हें यह महसूस कराना चाहिए कि वे छात्रों को शिक्षित करने के लिए स्वतंत्र हैं और उन्हें ऐसा करने के लिए पर्याप्त समय और संसाधन दिए जाएंगे। शिक्षा व्यवस्था में मूल्यांकन के तरीकों को बदलने की जरूरत है। हमें ऐसे मूल्यांकन तरीकों को अपनाना चाहिए जो छात्रों के वास्तविक सीखने को मापें। अगर शिक्षक इन कदमों को उठाएंगे तो हम शिक्षा में आंकड़ों के खेल को रोक सकते हैं और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। शिक्षकों को शिक्षा की गुणवज़ा में सुधार करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। उन्हें आंकड़ों के खेल में फंसकर छात्रों के भविष्य को खतरे में नहीं डालना चाहिए। ज्यादातर शिक्षक मानते हैं कि शिक्षा में भी अब आंकड़ों का खेल हो रहा है। शिक्षकों को स्वयं से जागरूक होकर इस खेल से दूर रहना चाहिए।



## लापरवाहियों के एक से एक उदाहरण देखने को मिल रहे हैं, लटके पोल के कारण भय और दहशत का माहौल

कानपुर। कानपुर ऐसे तो स्मार्ट सिटी घोषित हो चुका है पर आज भी प्रशासनिक और विभागीय लापरवाहियों के एक से एक उदाहरण देखने को मिल रहे हैं जिनकी अनदेखी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। ऐसा ही एक जर्जर लटका हुआ पोल हालसी रोड पर है। यह मुख्य सड़क के बीचबीच है जहां से हजारों लोग वाहन और पैदल निकलते हैं। आज क्षेत्रीय दुकानदारों ने उत्तर प्रदेश प्रांतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता के साथ पोल के नीचे खड़े होकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल इस समस्या का निदान करने की मांग की। अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की नगर निगम,केस्को,बीएसएनएल और यहां तक की जिलाधिकारी कार्यालय तक में शिकायत हो चुकी है पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई और उल्टा सब विभाग एक दूसरे पर काम टाल रहे हैं। अभिमन्यु ने कहा की स्मार्ट सिटी के वादा कर के ऐसी व्यवस्था दी जा रही है।अभिमन्यु ने बताया की व्यापारी मनोज शुक्ला विरोध में पोल के नीचे ही बैठते हैं। सभी दुकानदारों और आम जन में रोष है। हाय वोल्टेज तार इससे निकल रहे हैं। मांग की गई की तत्काल इस समस्या से निदान दिलवाया जाए और साथ ही यदि कोई हादसा होगा तो कानपुर प्रशासन इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

## उमंग, उत्साह और श्रृद्धा के साथ क्रिसमस की तैयारी शुरू, चर्च में किया जा रहा रंग-रोगन, हो रही सफाई



कानपुर नगर, ईसाईयों का सबसे बडा पर्व क्रिसमस 25 दिसम्बर को होता है और इस पर्व को देखते हुए ईसाई समुदाय द्वारा तैयारियां तेजी से की जा रही है। जहां एक ओर चर्चो की रंगाई, साफ-सफाई का काम तेजी के साथ हो रहा है तो वहीं प्रभु यीशू के लिए आराधना सभा का आयोजन होने लगा है। यीशू मसीह के आगमन के गीतो का अभ्यास किया जा रहा है। दूसरी ओर ईसाई परिवारों द्वारा घरो में भी तैयारियां शुरू हो गयी है।

आगामी 25 दिसम्बर को ईसाईयों का पर्व क्रिसमस है और इसके लिए तेजी के साथ तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। क्रिस्चन जहां अपने घरों की सफाई और सजावट कर रहें है तो चर्चो में भी रंगाई सफाई का काम किया जा रहा है। पास्टर जितेन्द्र पादरी ने बताया कि यह महीना हमारे लिए विशेष है। इस माह यीशू का धरती पर आगमन हुआ और हम सभी ईसाई इस पवित्र दिन को पूरी श्रृद्धा और उत्साह के साथ मनाते है। गिरजाघरों में यीशू की अराधना के साथ क्रिसमस के दिन गाये जाने वाले भजनों का अभ्यास शुरू कर दिया गया है।

ईसाई परिवारों के घर टोली के साथ पहुंचे सेंटा

यीशू मसीह के आगमन की तैयारियों के साथ ही ईसाई परिवारों में पर्व को मनाने का उत्साह बढता जा रहा है। सेंटा युवको और युवतियों की टोली के साथ ईसाई परिवारों के बीच पहुंच रहे है। 25 दिसम्बर से पहले घरों में यीशू के गाने गाये जा रहे है, जिसमें बच्चे, युवक और सभी परिवारजन सेंटा के साथ झूमते नजर आये। जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चो और युवाओं के साथ साथ समाज के अन्य लोगों के साथ सेंटा ईसाई परिवारों के बीच आते है, खुशियां बांटते है, हम सभी यीशू को याद कर नाचते है और उत्सव मनाते है। कहा गया कि हमारी सभी तैयारियां तेजी के साथ पूरी की जा रही है।

## सुलभ और सस्ते न्याय के लिए वकीलों ने दिया ज्ञापन



**बीपीएस न्यूज**-कानपुर। सुलभ और सस्ते न्याय के लिए कमिश्नरेट मुकदमों की सुनवाई तहसील के पास स्थित पुलिस कमिश्नरेट न्याय भवन में किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर वकीलों ने कानपुर कमिश्नर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने के दौरान कानपुर कमिश्नर के बाहर ना आने पर वकील बैठे गेट पर ही बैठ गए।कानपुर कमिश्नर के अपने ऑफिस के बाहर आने पर महिला थाने में कॉउंसलिंग के दौरान वकीलों के प्रवेश को वर्जित लिखे पत्र के चस्पा को लेकर वकीलों ने जताया विरोध। कानपुर कमिश्नर ने चस्पा पर्चे को हटाने और कार्यवाही का दिया आश्वासन।

## सभी दिव्यांग पेंशनर अपना राशन कार्ड बनवा लें एवं के0वाई0सी0 करवा लें, तभी मिलेगी पेंशन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर नगर। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने आज शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में दिव्यांग व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया। शिविर में दिव्यांग व्यक्तियों के सामूहिक विवाह का पंजीकरण, ट्राई साईकिल, दिव्यांग पेन्शन, रेलवे यूनिक कार्ड, यू0डी0आई0डी0 कार्ड, दुकान निर्माण व संचालन ऋण, दिव्यांग विवाह पुरस्कार, योजना के फार्म भरे गये। सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। 17 व 18 दिसम्बर को भी शिविर का आयोजन होगा।

दिव्यांगजनों ने शिविर में पेंशन न मिलने की शिकायत की गयी। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी दिव्यांग पेंशनरों को अपना राशन कार्ड बनवाना अनिवार्य है बिना राशन कार्ड व के0वाई0सी0 के दिव्यांग पेंशन विभाग जारी नहीं करेगा। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से वार्ता करके समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। उन्होंने बताया की प्रत्येक दिन प्रात: 9 से 11 बजे तक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया, में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। जरूरतमंद दिव्यांग व्यक्ति शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। शिविर में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, अरविन्द सिंह, आनन्द तिवारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव कुमार आदि शामिल थे।



## कानपुर:दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बांटी 60 ट्राईसाईकिल

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृतिम अंग सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत आज उनकी आवश्यकतानुसार, 60 ट्राई साईकिल, 05 व्हील चेयर, 05 बैसाखी, । कान की मशीन वितरित की गयी।जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने मुख्य अतिथि सुरेन्द मैथानी का स्वागत किया।

वीरेन्द्र कुमार ने मंच का संचालन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन को आत्म निर्भर बनाने में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की भूमिका अहम है। समाज व सरकार को मिलकर दिव्यांगजन के पूनर्वास के लिए काम करना चाहिए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक सुरेन्द मैथानी ने अपने सम्बोधन मे कहा की सरकार दिव्यांगजनो के प्रति संवेदनशील है। दिव्यांगजन को समाज में बराबरी का दर्जा मिले इसके लिए प्रयासरत है। विधायक सुरेन्द मैथानी ने कहा की दिव्यांगजन को जहाँ मेरी जरूरत महसूस हो हमे याद करे। हम आपकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है। सरकार दिव्यांगजन के उत्थान के लिए कृत संकल्प है।



कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया की सरकार दिव्यांगजन को विवाह पुरस्कार के रूप में दोनो व्यक्तियों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रूपया, रोजगार के लिए दुकान संचालन के लिए दस हजार रूपया,दुकान निर्माण के लिए बीस हजार रूपया देती है। दिव्यांग पेंशन के लिए प्रति माह 1000 रूपया दिव्यांगजनों को सरकार की तरफ से मिलते हैं।

## कायस्थ समाज एक जुट होकर आगे बढ़े: प्रसाद श्रीवास्तव

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । चित्रांश महासमिति केशवपुरम के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव् ने कहा कि कायस्थ समाज की उपेक्षा हर जगह की जा रही हैं। नीतियों के चलते कायस्थ समाज को राजनीति से भी अलग अलग किया जा रहा है! इसलिए कायस्थ समाज को अपनी ताकत दिखानी होगी द्यमहामन्त्री सुरेश चंद्र श्रीवास्तव् सहित अमित निगम, राकेश श्रीवास्तव, डॉ0 एस पी श्रीवास्तव् ने भी विचार व्यक्त किये।

## सोचो और खेलो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बिल्हौर। तहसील क्षेत्र चौबेपुर ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय दयालपुर में सामुदायिक रेडियो वक्त की आवाज 91.2 एफ एम के द्वारा सोचो और खेलो प्रोग्राम का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में दो टीमों ने भाग लिया प्रत्येक टीम में सात सदस्य उपस्थित रहे।सोचो और खेलो प्रतियोगिता में आज दोनो टीमों से हिंदी व्याकरण में पर्यायवाची शब्द,विलोम शब्द और मुहावरा और उसके अर्थ को पूछा गया।शुरुआती दौर में पहली टीम ने चार सवालों के सही जवाब दिए लेकिन पांचवे विलोम शब्द के सवाल में गलत जवाब दिया और टीम दूसरी ने सभी सवालों के सही जवाब देकर विजय अपने नाम कर ली। हरी पाण्डेय ने बताया की इस प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में प्रतियोगी बनने के लिए अग्रसर करता है।विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल मजीद सिद्दीकी ने बताया की सोचो और खेलो प्रतियोगिता से छात्र और छात्राओं में इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चो में नयी ऊर्जा साथ साथ जिज्ञासा,ज्ञान और प्रतियोगिता की भावनाओ का विकास करती है।इस मौके पर सहायक शिक्षिका डाक्टर वंदना द्विवेदी, वीनू यादव के साथ दोनो टीम यश,खुशी,देव, आदर्श,शिवा, लक्ष्मी,आशी,दीपिका, अरुण, रूकसार, आर्यन,सानिया, अंश, पलक, मौजूद रहे।

# रोडवेज बस ने वाहनों में मारी टक्कर, दो गंभीर रुप से घायल, चालक व कंडक्टर फरार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। रामादेवी से झकरकटी बस अड्डे जा रही सवारियों से भरी विकासनगर डिपो की बस ने मंगलवार रात नौबस्ता थानाक्षेत्र के यशोदानगर में प्रताप होटल के सामने कई वाहनों को टक्कर मार दी। ये वाहन अंडरपास से निकल रहे थे। हादसे में 10 से 12 लोग घायल हो गए।

दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक नशे में था। इंस्पेक्टर नौबस्ता जेपी पांडेय ने बताया कि विकास नगर डिपो की रोडवेज बस नंबर यूपी 78 एचटी 8494 यशोदानगर बाईपास की तरफ जा रही थी।प्रताप होटल चौराहा में हाईवे के अंडरपास के नजदीक दो लोडर और एक मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मारी। इससे लोडर अंडरपास के नीचे से गुजर रही अन्य गाड़ियों से टकरा गया। टक्कर लगने से चीख पुकार मच गई। वहीं, दूसरी ओर सर्विस रोड पर जाम लग गया।

मोटरसाइकिल सवार नौबस्ता के गोपालनगर निवासी दिव्यांशु वर्मा बाइक सहित बस के नीचे फंसकर जख्मी हो गए, जबकि बस में बैठी सवारियों को मामूली चोट आई। पुलिस के पहुंचने से पहले सवारियां चलीं गई। इसी दौरान मौका पाकर बस चालक व परिचालक भी फरार हो गए। उधर, मौके पर दुकानदार तथा आसपास मौजूद लोगों ने घायल दिव्यांशु को नौबस्ता चौराहे पर स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहीं, रावतपुर के राधा विहार निवासी उमेश चंद्र श्रीवास्तव के पैर में फ्रैक्चर होने की वजह से लखनपुर हॉस्पिटल कल्याणपुर में एडमिट कराया गया है।

# किसानों को आधुनिक खेती के जरिए कम लागत में ज्यादा आमदनी की सिखाएं गुण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।सीएसए के सब्जी अनुभाग में संचालित सब्जी उत्कृष्ठता केंद्र परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पांडेय निवादा में किया गया ।परियोजना के समन्वयक डॉक्टर डीपी सिंह ने बताया कि सब्जी उत्कृष्ठता केंद्र का मुख्य उद्देश्य सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों को संरक्षित खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना है,उन्होंने बताया कि किसानों को पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक खेती के जरिए कम लागत में ज्यादा आमदनी के गुरु सिखाए जाते हैं। इस अवसर पर इस अवसर पर साग भाजी सस्य विद डॉक्टर राजीव द्वारा बताया गया कि धान गेहूं फसल चक्र के नियमित रूप से अपनाने के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति का व्हास हो रहा है इसलिए किसानों को अपने फसल चक्र में दलहनी फसलों के साथ-साथ सब्जी फसलों को भी समायोजित किया जाना वर्तमान समय की मांग है।



# चाचा को जिंदा जलाया: करोड़ों की है विवादित जमीन, सामने संपर्क मार्ग

**बीपीएस न्यूज**

उन्नाव। उन्नाव में जमीन और दुकानों के विवाद में पूर्व प्रधान के बेटे ने चचेरे भाइयों के साथ मिलकर चाचा पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां से गंभीर देख उसे लखनऊ के सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना से नाराज परिजनों ने हसनापुर-सोहरामऊ मार्ग पर जाम लगा दिया। बेटी की तहरीर पर पूर्व प्रधान चाचा, तीन चचेरे भाइयों समेत 10 के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी वीरेंद्र सिंह (55) पुत्र कन्हई लाल का अपने चचेरे भाई पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह से करीब 25 साल से 12 बिसुआ जमीन और दो दुकानों को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार को हसनगंज एसडीएम ने पूर्व प्रधान के प्रार्थनापत्र पर जमीन के सीमांकन का आदेश दिया था।नायब तहसीलदार ने कब्जा दिलाया था। इस जमीन पर दो दुकानें और बरामदा भी बना है पीड़ित वीरेंद्र परचून और चोकर की दुकान किए है। जमीन पर कब्जा मिलने के बाद पूर्व प्रधान वीरेंद्र और अन्य परिजन दुकानों को भी खाली कराना चाहते हैं। उधर वीरेंद्र पुत्र कन्हई लाल, अपने चचेरे भाई पर सत्ता पक्ष के एक नेता की मदद और पहुंच के बल पर गलत तरीके से सीमांकन कराने और कब्जा लेने का आरोप लगाते हुए कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही थी।मंगलवार सुबह करीब सात बजे वीरेंद्र दुकान खोलने पहुंचा। करीब एक घंटे बाद पूर्व प्रधान का छोटा बेटा जितेंद्र उर्फ जीतू अपने चचेरे भाई सूर्यकुमार के पुत्र शुभम और वैभव उर्फ शीशू के साथ दुकान पहुंचे और वीरेंद्र को खींचकर दुकान के पीछे ले गए। पीड़ित के मुताबिक भतीजे वैभव उर्फ शिशु ने उसे पकड़ लिया। जितेंद्र ने उस पर बोतल से पेट्रोल डाला और शुभम सिंह ने आग लगा दी।

# लोन दिलाने के नाम पर ऐंठे रुपये, तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। लोन दिलाने के नाम पर डेढ़ सौ महिलाओं से पांच लाख से ज्यादा की ठगी करने वाले फाइनेंस कंपनी संचालिका समेत तीन लोगों के खिलाफ किदवईनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नौबस्ता गल्ला मंडी दीन दयाल पुरम निवासी रेनू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनके जैसी 13 टीम लीडर महिलाओं को विभिन्न बैंकों से लोन दिलाने का काम करती थीं।लक्ष्मीपुरवा निवासी नेहा गुप्ता उर्फ नंदिनी उर्फ रोशनी ने उससे व अन्य सभी टीम लीडरों से संपर्क किया। अपने मनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के माध्यम से गरीब महिलाओं के समूह को लोन दिलाने के लिए कहा। लोन दिलाने से पहले महिलाओं से फाइल चार्ज के नाम पर 3452 रुपये व अन्य खर्चे बताकर रुपये ऐंठ लिए। सारा रुपया फाइनेंस कंपनी संचालिका नेहा व उसके दो साथियों मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी विजय कुमार सोने व अतुल लेकर फरार हो गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित महिलाओं ने बीते शुक्रवार को किदवईनगर और बारादेवी स्थित कंपनी के बंद पड़े कार्यालय पर हंगामा किया था। प्रकरण में किदवईनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। चौकी इंचार्ज लाल कॉलोनी शैलेंद्र सिंह राघव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में 12 प्रकरणों में समाधान के दिए निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में तहसील नरवल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए 12 प्रकरणों में आज ही समाधान दिवस के पश्चात उप जिलाधिकारी नरवल, तहसीलदार नरवल, नायब तहसीलदार तथा अन्य राजस्व अधिकारियों की टीमों को तत्काल मौके पर भेजने के निर्देश दिए गए ।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के समयानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दौरान अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अनुपस्थित रहने के कारण दोनों अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु 12 प्रकरणों की आज ही संबंधितअधिकारियों को जांच कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु समाधान दिवस के पश्चात मौके पर भेजा गया। जिलाधिकारी द्वारा तहसील नरवल के पास स्थित तालाब का निरीक्षण करते हुए उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी सरसौल को निर्देशित किया गया कि तालाब के चारों तरफ सफाई कराते हुए तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किए जाना सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी नरवल सरसौल को निर्देशित कियागया कि तालाब के बगल में स्थित सब्जी बाजार से कूड़ा तालाब में ना फेका जाए। खण्ड विकास अधिकारी, सरसौल इस कूड़े का निस्तारण आरआरसी सेन्टर से माध्यम से सुनिश्चित करें ।मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिशासी अभियंता लघुसिंचाई के माध्यम से तालाब का सौन्द्रीयकरण, जीर्णोद्धार कराने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी नरवल रिषभ वर्मा, तहसीलदार नरवल सहित अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छात्रों ने सामूहिक परिवार में रहने का दिया संदेश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर विद्यालय के क्रीड़ांगन में किया गया। स्पोर्ट्स मीट ए टाइम ट्रेवल टूर्नामेंट थीम पर आधारित था। लिट्ल फॉक्स प्रीस्कूल की डायरेक्टर राधिका भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति के साथ समारोह की शोभा बढ़ाई । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को सम्मान देने के लिए कक्षा 5 के छात्रों ने मार्च पास्ट से की साथ में छात्रों ने सामूहिक नृत्य व विद्यालय गान जोयफुल एसएसडीसियंस की प्रस्तुति दी। ब्लूमिंग बडीज़ ड्रिल के द्वारा नर्सरी के नन्हे छात्रों ने %वसुदैव कुटुंबकम %अर्थात सामूहिक परिवार में रहने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन तंत्र के सदस्यों सुरेंद्र धवन, राजीव सोनी, विनय अजमानी, सुभाष मक्कर, कुंज बिहारी एवं प्रधानाचार्या शोभा दास व मुख्य अतिथि ने प्रथम ,द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को इनाम देकर प्रोत्साहित किया । वैभवी वर्मा 5-द ,स्वीकृति टंडन 5-द ने असीम उत्साह एवं आत्मविश्वास से सराबोर होकर उद्घोषिका की भूमिका का निर्वाह किया। शिव सिंह5-ब ने विराट कोहली और देवांश मिश्रा 5-ब ने नीरज चोपड़ा जैसे खेल जगत के पात्रों का किरदार निभा कर सभी का मन मोह लिया। दर्शकों व अभिभावकों ने तालियों से छात्रों का उत्साह वर्धन किया। खेल समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## शहर के पांच एसीपी का शासन ने किया तबादला



कानपुर। देर रात शासन ने शहर के कई एसीपी बदल दिये। तीन साल से ज्यादा का वक्त बीता चुके ये राज्यपात्रित अफसर यूं तो कई साल से यहां तैनात थे लेकिन कमिश्नरी होने के बाद इन्हें तीन साल तक यहीं तैनाती दी गयी थी। इस क्रम में शासन ने चकेरी एसीपी संतोष सिंह को बलिया का सीओ बनाया है। वहीं कल्याणपुर एसीपी विकास पांडे रेलवे लखनऊ, कर्नलगंज एसीपी अकमल खान को अलीगढ़, घाटमपुर एसीपी दिनेश शुक्ला को सीतापुर, कैंट एसीपी ब्रज नारायण को लखनऊ तो वहीं कलक्टरगंज एसीपी निशंका शर्मा को 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा भेजा गया है। वहीं कानपुर कमिश्नरी में अलीगड़ से मोहसिन खान, उन्नाव में रहे आशुतोष कुमार, लखनऊ से दिलीप कुमार, आगरा से महेश कुमार, और अर्चना सिंह को कानपुर भेजा गया है।

# अभियुक्त को 270 ग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशन में अनावरण हेतु शे अभियोगो में वांछित/इनामियाँ अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ।अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में उ0नि0 विकास कुमार गुप्ता मय हमराह उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार हे0का0 प्रदीप कुमार के साथ तलाश वांछित वारण्टी व चैकिग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन मे थाना क्षेत्र में मामूर होकर नमक फैक्ट्री चौराहे पर मौजूद था तभी मुखविर खास ने सूचना दी कि कर्बला मैदान के पास रहने वाला पवन राठौर जो कि इस समय नाजायज गांजा बेचने का कार्य करता है वह कर्बला मैदान में बने पुराने मन्दिर के पास खडा है जब हम लोग कर्बला मैदान स्थित अम्बेडकर मुर्ति के पास पहुंचे मुर्ति का पास खड़े यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पवन कुमार राठौर पुत्र स्व0 मुन्ना लाल राठौर नि0 गुप्ता कालोनी रावतपुर गाँव थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 43 वर्ष बताया पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से 270 ग्राम गांजा बरामद हुआ बरामद माल के साथ अभियुक्त उपरोक्त को हिरासत पुलिस लेकर थाना लाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दरोगा की बेटी ने क्लैट में हासिल की सफलता

**बीपीएस न्यूज** कानपुर। कहते है बेटिया पिता की मान होती है.. ये सच भी है तभी एक पिता ने बेटी की सफलता पर हर पिता खुश होता। चकेरी थाने की अहरिवां चौकी में तैनात सब इंस्पेक्टर विजय सिंह चौहान की बेटी ने क्लैट एडमिशन की परीक्षा में उच्च स्तर पर रैंक हासिल की तो पिता ने खुशी में गरीबों में मिष्ठान वितरण करना शुरू कर दिया। लोगों ने पूंछा तो बताया किबेटी ने परीक्षा में सफ लता हासिल की है इस खुशी में मिठाई बांट रहे इस बीच कई ऐसे लोग थे जो क्षेत्र की समस्या लेकर पहुंचे थे उनका निदान भी किया। मूल रूप से मैनपुरी के रहने वाले विजय सिंह चौहान चकेरी थानाक्षेत्र मे तैनात है। उनकी बेटी कृष्णा पढ़ाई में काफी तेज है। कई कठनियों को पार करते हुए कृष्णा ने चौहान ने क्लैट की अग्नि परीक्षा को पार कर लिया जिसकी खुशी पिता के चेहरे पर देखने को मिली।




# गोवंश आश्रय स्थलों को लेकर न की जाए लापरवाही : डीएम

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य एवं गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु किए जाने वाले प्रबंध के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान गोवंश आश्रय स्थलों में भूसे की उपलज़्धता तथा जनपद के समस्त विकास खंड़ों में अतिरिक्त निर्माणाधीन अस्थाई गौवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में गोवंश आश्रय स्थलों से संबंधित उपस्थित अधिकारियों को निज़्नलिखित निर्देश दिए- समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन विकास खंड़ों में नवीन गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा रहा है उन सभी विकास खंड़ों में प्रत्येक स्थिति में 20 दिसंबर तक समस्त गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर संचालन सुनिश्चित किया जाए। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि समस्त संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों को ठंड से बचाव हेतु सेड कवर, काऊ कोट एवं आवश्यकतानुसार अलाव जलवाने आदि की व्यवस्था संबंधित केयरटेकर के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। खंड विकास अधिकारी, चौबेपुर तथा कल्याणपुर क्षेत्रांतर्गत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण निर्देश दिए गए कि प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। विकास खंड घाटमपुर के अंतर्गत सिधौल एवं लहुरी ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन गौवंश आश्रय स्थलों के परिसर में पर्याप्त जगह होने के कारण अतिरिक्त सेड बनाए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी, घाटमपुर को दिए। विकास खंड कल्याणपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत रैकेपुर एवं टिकरा में निर्माणाधीन गौवंश आश्रय स्थलों के निर्माण में आ रही समस्याओं को निस्तारण कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी, कल्याणपुर एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए।

# अधिवक्ता सम्मान से खिलवाड़ बर्दास्त नही किया जाएगा:पंडित रवीन्द्र शर्मा



कानपुर। अधिवक्तागण पुलिस कमिश्नरेट के मुकदमो की सुनवाई तहसील के बगल में बने कमिश्नरेट न्याय भवन में किए जाने के लिए आयुक्त कार्यालय पहुंचे ।जहां ये सूचना मिलते ही कि महिला थाने में लिखाया गया है कि अधिवक्ताओं का प्रवेश वर्जित ये सुनते ही अध्यक्ष वहीं सीढ़ियों पर बैठ गए । इसपर पुलिस आयुक्त ने तत्काल बाहर आ वार्ता की जिसपर लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष पं रवीन्द शर्मा ने पुलिस आयुक्त आर के स्वर्णकार को बताया एक तरफ योगी सरकार अधिवक्ता सम्मान/कल्याण को बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील है वही दूसरी तरफ पुलिस ऐसे वाक्य लिख अधिवक्ताओं के सम्मान को गिराने का कार्य कर रही है ये देश के बीसियों लाख अधिवक्ताओं का अपमान है इसको तत्काल हटाया और ये जिसने किया है उसके खिलाफ जांच कर कार्रवाई करें नही तो अधिवक्ता सम्मान के लिए अधिवक्ता समाज सड़कों पर उतरेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी इस पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि हम इसको दिखवा तत्काल मिटवाते हैं हमारे लिए अधिवक्ता सम्मान सहित सभी का सम्मान सर्वोपरि है। जहां आवश्यक कागजात तक नही मिलते है कागजात लेने वादकारियों को कचहरी जाना आना पड़ता है और कचहरी से अधिवक्ताओं को लाने ले जाने में बहुत अधिक व्यय करना पड़ रहा है।

जो वादकारी का हित सर्वोच्च सिद्धांत के विपरीत है और जोनवार अधिवक्ताओं को भी आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ सरकार सस्ते और सुलभ न्याय के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। पुलिस आयुक्त ने ज्ञापन प्राप्त कर कहा कि हम वादकारियों और अधिवक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए आदेश करेंगे ।प्रमुख रूप से अरविंद दीक्षित संजीव कपूर कंचन गुप्ता मधु यादव पवन अवस्थी राकेश सिद्धार्थ गौरव शुक्ला आयुष शुक्ला मो तौहीद मनोज बाली अमर दीप वर्मा राकेश सिद्धार्थ अशोक शर्मा शिवम गंगवार इंद्रेश मिश्रा आदि रहे।




## आतंकवाद की कायराना हरकत से आहत 20वीं बरसी मनाई गयी

आतंकवाद की कायराना हरकत से आहत 20वीं बरसी मनाई गयी। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। बुधवार यानी 13 दिसंबर को संसद पर कायराना आतंकवादी हमले की बरसी है। हमले में दिल्ली पुलिस के छह जवान, संसद के दो सुरक्षाकर्मी और एक माली मारे गए थे। उन्हें आज सभी सांसदों की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा में कार्यवाही चल ही रही थी, तभी विजिटर गैलरी से एक अज्ञात व्यक्ति बीच सदन में आ धमका। इसको लेकर सदन में जोरदार हंगामा और कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुरक्षा में चूक की घटना के बाद चार बजे सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच बिरला ने बैठक बुलाए जाने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मैंने आप सब की भावनाओं को पहले व्यक्त कर दिया है। चार बजे इस विषय पर सभी दलों की बैठक बुलाई है

## 6 लोगों के शामिल होने का संदेह, 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो लोग सदन कक्ष में कूद गए। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का महौल हो गया। फिलहाल पूरे मामले को लेकर जांच जारी है। दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और एक पुलिस स्टेशन में पुछताछ की जा रही है। उनकी पहचान मैसूर के सागर शर्मा और मनोरंजन डी के रूप में की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस को संसद की सुरक्षा चूक में 6 लोगों के शामिल होने का संदेह; 4 गिरफ़्तार, 2 अन्य की तलाश जारी।पुलिस सूत्रों ने कहा कि गिरफ़्तार लोगों के पास से कोई मोबाइल फोन नहीं मिला, पूछताछ जारी है। सूत्रों ने कहा कि सभी 6 संदिग्ध गुरुग्राम में ठहरे थे और एक-दूसरे को जानते हैं। संसद के बाहर दो प्रदर्शनकारियों, एक पुरुष और एक महिला, को भी हिरासत में लिया गया है।

## अगर प्लान हो जाता फेल तो ललित झा ने तैयार रखा था बैकअप प्लान



क्या संसद में घुसपैठियों के पास कोई बैकअप योजना भी थी? संसद सुरक्षा उल्लंघन के तीन दिन बाद भी यह सवाल सबके जहन में है। ऐसे में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। दावा किया जा रहा है कि अगर पहली योजना फेल हो जाती तो 'मास्टरमाइंड' ललित झा के पास प्लान बी भी तैयार था। मास्टरमाइंड ने बताया कि अगर नीलम और अनमोल (घुसपैठिए) संसद के अंदर पहुंचने में असफल रहे तो महेश और कैलाश अलग-अलग दिशाओं से संसद की ओर आएंगे और फिर रंगीन बम जलाएंगे और कैमरों के सामने नारे लगाएंगे।

लेकिन चूंकि महेश और कैलाश विशाल शर्मा उर्फ ??विक्की के गुरुग्राम स्थित घर, जहां वे रहते थे, तक पहुंचने में असमर्थ थे, इसलिए अमोल और नीलम को किसी भी कीमत पर योजना को पूरा करने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त, टीम ने योजना ए को सफलतापूर्वक पूरा किया। योजना में महेश को काम के बाद राजस्थान भागने में ललित झा की सहायता करने के लिए बुलाया गया। अपने व्यक्तिगत पहचान पत्र का उपयोग करके, उन्होंने ललित को एक गेस्ट हाउस में एक कमरा भी बुक किया।

संसद में सुरक्षा चूक के बारे में जानने के लिए महेश, ललित और कैलाश गेस्ट हाउस में लगातार टीवी देख रहे थे। ललित और महेश गुरुवार को खुद ही अधिकारियों के सामने आ गए। 2001 के संसद आतंकवादी हमले की बरसी पर क्रियान्वयन से पहले महीनों तक संसद सुरक्षा उल्लंघन की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी। 13 दिसंबर को दो लोग- सागर शर्मा और मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कूद गये। एक सेकंड भी बर्बाद किए बिना, दोनों ने कनस्तरों से पीली गैस छोड़ी और सांसदों द्वारा काबू किए जाने से पहले सत्ता विरोधी नारे लगाए।

## धुआं धुआं हुआ संसद, डिंपल यादव ने बताई पूरी बात

## कैसे निकलीं, बसपा सांसद सोचे हम जिंदा नहीं बचेंगे

लखनऊ। डिंपल यादव ने कहा कि यह पूरी तरह से सूक्षा की चूक है। कुछ भी हो सकता था। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सदन की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। डिंपल यादव ने आगे कहा कि जो लोग यहां आते हैं वो चाहे दर्शक हों या कोई और वे साथ में टैग नहीं रखते हैं। सरकार को इसपर ध्यान देना चाह?िए। यह पूरी तरह से सुरक्षा में बड़ी चूक है। लोकसभा के अंदर कुछ भी हो सकता है।

**संसद भवन में दो युवक कूद गए**-संसद भवन में दो युवक कूद गए। आसन की तरफ बढ़ने लगे। ये दोनों बसपा सांसद मलूक नागर की सीट के पास कूदे थे। मलूक नागर सहित अन्य सांसदों ने दोनों को दबोच लिया और पिटाई भी कर दी। मलूक नागर बिजनौर से बसपा सांसद हैं। मलूक नागर ने बताया कि लोकसभा में धुआं-धुआं हो गया था।

**बसपा सांसद बोले-यही सोचा कि हम जिंदा नहीं बचेंगे**-बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया कि पहला ज़्याल आया था कि उसकी नीयत खराब है। उन्होंने बताया कि हम जिंदा बचेंगे की नहीं बचेंगे। कहीं हथियार न हो। कुछ करते उससे पहले ही सभी सांसद उसके ऊपर टूट पड़े। उन्होंने बतायाकि डर तो था, लेकिनि वह कुछ कर नहीं जाए। इसी अंदेशा में हम सभी टूट पड़े। कुछ सांसदों ने उसकी पिटाई भी कर दी। बहुत गंदी बदबू आ रही थी।



## कर्नाटक राजभवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच जारी

कर्नाटक। देर रात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के नियंत्रण कक्ष में फोन आया और दावा किया गया कि बम किसी भी समय फट सकता है, जिससे अधिकारी सकते में आ गए। बेंगलुरु पुलिस विभाग को तुरंत सतर्क किया गया और साइट पर भेजा गया।कर्नाटक के राज्यपाल का आवास सोमवार रात एक गुमनाम कॉल के बाद अधिकारियों के रडार पर आ गया, जिसमें धमकी दी गई थी कि अंदर बम रखा हुआ है। हालाँकि, व्यापक खोज के बाद, पुलिस ने निष्कर्ष निकाला कि कॉल संभवतः एक धोखा थी। सोमवार देर रात राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के नियंत्रण कक्ष में फोन आया और दावा किया गया कि बम किसी भी समय फट सकता है।

## बिना हेलमेट वालो चालको को यात्रीकर अधिकारी पहनाया हेलमेट

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे 15.दिसम्बर से 31.2023 सडक सुरक्षा पखवाडे के दूसरे दिन आटीओ प्रवर्तन विभाग कानपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जागरुकता के सम्बन्ध में विजय नगर फजलगंज, डबल पुलिया के पास दोपहिया वाहन चार पहिया वाहन एवं ई-रिक्शा बालकों एवं यात्रियों को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा एवं दुर्घटना से बचाव हेतु पर्चा देकर जागरुक किया गया। साथ ही साथ दो पहिया वाहन चालको को बिना हेलमेट चलते पाये जाने पर यात्री कर अधिकारी आर.के. निगम द्वारा हेलमेट भी पहनाया गया तथा सुरक्षा के बारे में जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश कुमार निगम यात्री कर अधिकारी एवं दिनेश कुमार सिंह यात्रीकर अधिकारी द्वारा जागरुकत किया गया। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के प्रचार वाहन द्वारा विभिन्न चौराहों पर एल.ई.डी. के माध्यम से चालकों एवं यात्रियों को जागरुक किया गया।



## बसपा सांसद ने दिखाई बाहदुरी दो युवकों की कर दी पिटाई

बिजनोर।ससंद भवन में कूदे दो युवको की बसपा सांसद ने पिटाई कर दी।बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया कि दोनों युवक मेरी ही सीट के पास कूदे थे।वह आश्चर्यचकित रह गए।बसपा सांसद मलूक नागर ने बताया की उन्होंने उसकी पिटाई कर दी।संसद ममें हुए आतंकी हमले की 22वीं बरसी है।बुधवार दोपहर यानी 13 दिसंबर को करीब एक बजे दो लोग लोकसभा में दर्शक दीर्घा से सदन के भीतर कूद पड़े।उनके पास से स्मोक बम था, जिससे वह पीली गैस छोड़ दिया।सदन में बसपा सांसद मलूक नागर ने पिटाई कर दी।पूरे सदन में अफरा तफरी मच गई।सदन में उसे पकड़ लिया।स्पीकर ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्?थगित कर दिया।आज ही के दिन पुरानी संसद की इमारत में 13 दिसंबर 2001 को 5 आतंकियों ने हमला किया था।दिल्ली पुलिस के 5 जवान सहित 9 लोगों की मौत हो गई थी।सदन की कार्यवाही चल रही थी।इसी दौरान दो लोग घुस गए।उनमें से एक का नाम सागर है।दोनों भाजपा के मैसूर सांसद प्रता सिम्हा के नाम पर लोकसभा विजिटर पास पर आए थे।सदन के अंदर 2 लोगों ने धुआं छोड़ा।सदन के बाहर एक महिला और पुरुष ने पीले रंग का धुआं छोड़ा।

## आंख का हुआ ऑपरेशन, डॉक्टर ने एक-दो नहीं बल्कि 60 कीड़े निकाले

चीन के कुनमिंग शहर में एक अजीब और चौंकाने वाली मेडिकल घटना सामने आई है. डॉक्टरों को एक महिला के आंखों से 60 से अधिक जिंदा कीड़े निकालने के लिए एक भयानक ऑपरेशन करना पड़ा. महिला की पहचान छिपाई गई है. आंखों में लगातार खुजली होने पर वह डॉक्टर के पास गई. डॉक्टर से मेडिकल ट्रीटमेंट की डिमांड की. जब उसने झुनझुनी को कम करने के लिए अपनी आंखों को रगड़ा तो एक परजीवी कीड़ा उसकी आंख से बाहर निकल आया, जिससे वह घबरा गई.

**डॉक्टरों ने केस देखा तो रह गए दंग**

महिला की परेशानी को देखते हुए उसे तुरंत कुनमिंग के एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक टेस्ट किया जिससे वे हैरान रह गए. पाया गया कि उसकी आंखों के गोले और पलकों के बीच जिंदा कीड़े भरे हुए हैं. द मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टर की सर्जिकल टीम ने उसकी दाहिनी आंख से 40 से अधिक और बाईं आंख से 10 से अधिक जिंदा कीड़े निकाले, जिससे निकाले गए कीड़ों की कुल संख्या 60 से अधिक हो गई. डॉक्टरों के मुताबिक, यह बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला है.




**इस बीमारी की वजह से हुआ ऐसा**

लीड सर्जन डॉक्टर गुआन ने कीड़ों के इतने सारे नंबर्स को नोट किया और रोगी को एक दुर्लभ मामला बताया. डेली एक्सप्रेस यूएस की रिपोर्ट के अनुसार, चिकित्सा विशेषज्ञों को संदेह है कि महिला फिलारियोइडिया प्रकार के राउंडवॉर्म से संक्रमित थी, जो आमतौर पर मक्खी के काटने से फैलता है.

इसके अलावा, महिला का मानना है कि उसे कुत्ते और बिल्लियों से ये कीड़े मिले हैं. उसे संदेह है कि जानवरों के संपर्क में आने और उसके बाद आंखें रगड़ने से यह संक्रमण हुआ होगा. ऑपरेशन के बाद, डॉक्टरों ने महिला पर नजर बनाए रखा है. उसे बार-बार जांच कराने की सलाह दी जा रही है.




## बिगड़ैल बेटा! गर्लफ्रेंड से छुड़ाना चाहता था पीछा, पहले पीटा फिर फिर SUV से कुचला



ठाणे में एक होटल के पास एक महिला को उसके प्रेमी ने कथित तौर पर अपनी कार से कुचलने की कोशिश की है, जिसके बाद उसके पूरे शरीर पर चोटें आईं। घटना 11 दिसंबर को हुई और अश्वजीत गायकवाड़ नाम का यह व्यक्ति महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के प्रबंध निदेशक अनिल गायकवाड़ का बेटा है। प्रिया सिंह ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफ़ाइल पर घटना पोस्ट की और कहा कि वह 11 दिसंबर को सुबह 4 बजे एक पारिवारिक समारोह में अश्वजीत से मिलने गई थी, जब उसने उसे बुलाया था। उसने देखा कि वह अजीब व्यवहार कर रहा था और उससे अकेले में बात करने को कहा।प्रिया ने कहा कि उसके साथ उसका एक दोस्त भी था जिसने उसका अपमान करना शुरू कर दिया। उसने कहा, जब उसने अश्वजीत से अपना बचाव करने के लिए कहा तो उसने उसे मारना शुरू कर दिया। प्रिया सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर कहा कि मेरे बॉयफ्रेंड ने मुझे थप्पड़ मारा, मेरी गर्दन दबाने की कोशिश की, मैंने उसे दूर धकेलने की कोशिश की। उसने मेरा हाथ काटा, मुझे पीटा, मेरे बाल खींचे और उसके दोस्त ने अचानक मुझे जमीन पर धकेल दिया।उसने कहा कि वह अपना फोन और अपना बैग लेने के लिए उसकी कार की ओर भागी और तभी अश्वजीत ने अपने ड्राइवर से उसे कुचलने के लिए कहा। उसने आगे कहा कि उसके पैरों के ऊपर से दौड़ने के बाद, वे साइट से भाग गए। प्रिया ने कहा कि मेरा दाहिना पैर टूट गया है और मुझे सर्जरी करानी पड़ी, मेरे दाहिने पैर में रॉड डालनी पड़ी। मेरे पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं, मेरी बांहें, मेरी पीठ और मेरे पेट के हिस्से में गहरी खरोंचें हैं।

## बनारस से नई दिल्ली जाने वाली नई वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री करगे

**कानपुर।** कानपुर। बनारस से नई दिल्ली जाने वाली नई वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री द्वारा सोमवार को किया जा रहा है। जो कि बनारस से चलकर वाया कानपुर सेंट्रल होते हुए नई दिल्ली तक जाएगी। कानपुर सेंट्रल में रविवार को नई वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

जिसमें सीनियर डीसीएम 2 हिमांशु शुक्ला ने बताया कि यह ट्रेन 18 दिसंबर से बनारस से दिल्ली तक यात्रियों के लिए चलाई जाएगी। जिसका उद्घाटन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया जाएगा। जो कि नई वंदे भारत ट्रेन बनारस से नई दिल्ली तक यात्रियों को लेकर चलेगी। इस ट्रेन का स्वागत पांच स्थानों पर किया जाएगा।हिमांशु शुक्ला, सीनियर डीसीएम 2 का कहना है कि इन कोचों का निर्माण आरसीएफ द्वारा किया गया है। इन कोचों की टेक्नोलॉजी की बात की जाए तो इनमें कवच टेक्नोलॉजी की गुणवत्ता को भी जोड़ा गया है। दिल्ली हावड़ा रूट में यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए। इस ट्रेन का संचालन शुरू हो रहा है। जो कि कल कानपुर सेंट्रल में इसका विशेष रूप से भव्य स्वागत होगा।



# अभिषेक व ऐश्वर्या राय नहीं लेंगी तलाक

## कपल ने अपने अंदाज में किया अफवाहों को खारिज



ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन अभी भी साथ हैं और यह ताजा वीडियो इसका बड़ा सबूत है। बॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय जोड़ी अभि और ऐश ने अलग होने की अफवाहों को स्टाइल और अपने तरीके से खारिज कर दिया। ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन अभी भी साथ हैं और यह ताजा वीडियो इसका बड़ा सबूत है। बॉलीवुड की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय जोड़ी अभि और ऐश ने अलग होने की अफवाहों को स्टाइल और अपने तरीके से खारिज कर दिया। ऐश्वर्या और अभिषेक के अलग होने की अनगिनत अफवाहें हैं और उनकी एक साथ उपस्थिति ने अटकलों को हमेशा के लिए बंद कर दिया है। चर्चा थी कि ऐश्वर्या बच्चन हाउस जलसा से भी बाहर निकल गई हैं। बच्चन परिवार में सब कुछ ठीक नहीं है। दोनों के तलाक की खबरों ने खूब शोर मचा रखा था।

ऐश्वर्या राय बच्चन आराध्या के स्कूल के वार्षिक समारोह में भाग लेने के लिए बच्चन परिवार-अपने ससुर अमिताभ बच्चन, पति अभिषेक बच्चन और भतीजे अगस्त्य नंदा के साथ शहर में आईं। और वे एनुअल फंक्शन में भाग लेने के लिए अलग-अलग कारों में पहुंचने के बाद एक साथ रवाना हुए।

प्रशंसक अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की एकजुटता की सराहना कर रहे हैं और खुश हैं कि उन्होंने अफवाहों को एक बार के लिए बंद कर दिया है। हालांकि कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अब भी मानते हैं कि ऐश्वर्या और अभिषेक एक साथ होने का दिखावा कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, %मीडिया को भी अभिषेक ने ही बुलाया होगा जब ये खबरें सोशल मीडिया पर आईं तो ऐश्वर्या ने अभिषेक और ऐश्वर्या की जिंदगी में बच्चन हाउस की समस्याओं को छोड़ दिया है और दिखाने के लिए सब नॉर्मल है।% अभिषेक अपनी सास वृंदा राय के लिए एक प्यारे दामाद भी बने, जब उन्होंने उन्हें कार तक विदा किया। और घूमर एक्टर का ये अंदाज दिल जीत रहा है।

# परदे पर पसंद किए गए कोर्ट रूम के कथानक



फिल्म के किसी कोर्ट वाले दृश्य में गवाह का ये कहना कि 'मैं गीता पर हाथ रखकर कसम खाता हूं', हमेशा ही फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने का आधार बनता है। दर्शकों ने वास्तविक अदालत की कार्रवाई भले न देखी हो, पर फिल्मों में दिखाई देने वाली इन कार्यवाही से उन्हें पता चलता है कि अदालतों में किस तरह की जिरह होती होगी।अदालत में जब किसी दिलचस्प मामले पर बहस होती है, तो उसे सभी देखना चाहते हैं। फिर वे दृश्य रियल हों या फ़िल्मी। कोर्ट रूम ड्रामे पर कई फिल्में बनीं और उनमें से ज्यादातर को पसंद किया गया। इन फिल्मों को समीक्षकों के साथ दर्शकों ने भी सराहा। ऐसी कुछ फिल्मों में कॉमेडी का मसाला डाला गया तो कुछ में थ्रिल था। इसलिए कहा जाता है कि कोर्ट ड्रामा पर आधारित फिल्में और वेब सीरीज हमेशा से दर्शकों को रोमांचित करती रही हैं। परदे पर जब दो वकील बहस करते हैं, तो दर्शक खो जाते हैं। क्योंकि, फिल्मों में अदालत के दृश्यों को बहुत मेहनत से तैयार किया जाता है। दोनों पक्षों को जोरदार संवाद की जरूरत होती है। अदालती कार्यवाही समाज और न्यायतंत्र का अहम हिस्सा है। इसलिए कई फिल्मों में ऐसी कार्यवाही को अहम स्थान दिया गया। कई फिल्में तो ऐसी हैं, जिनका क्लाइमेक्स या कथानक का मोड़ ही कोर्ट रूम सीन रहा।

साल 1986 में आई बासु चटर्जी की फिल्म 'एक रुका हुआ फैसला' आज भी अनोखी फिल्म कही जाती है। इसका कथानक इतना दमदार था, कि इसे अभी तक की बेहतरीन कोर्ट रूम ड्रामा फिल्मों में गिना जाता है। ये कहानी ज्यूरी के सदस्यों के बीच तनाव, कशमकश और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती है। खास बात यह कि पूरी फिल्म एक कमरे में ही फिल्माई गई।

# जब पहली रोल के लिए धर्मेंद्र को मिले थे सिर्फ इतने रुपए

### बचपन से पाल रखा था हीरो बनने का सपना



पंजाब के कपूरथला में 8 दिसंबर 1935 में धर्मेंद्र का जन्म हुआ था। वह अन्य बच्चों की तरह बचपन में काफी ज्यादा शरारती थे। वहीं उनका असली नाम धरम सिंह देओल है। वह बचपन में अपने पिता से छिपकर फिल्में देखा करते थे। बचपन से ही धर्मेंद्र का मन पढ़ाई में कम और हिंदी सिनेमा में ज्यादा लगता था। साल 1949 में आई फिल्म दिल्लगी को धर्मेंद्र ने 40 बार से ज्यादा देखा था। वह दिलीप कुमार के बहुत बड़े फैन थे। वह खुद को भी एक हीरो के तौर पर बड़े पर्दे पर देखना चाहते थे। इसी कारण उन्होंने पंजाब से मुंबई का रुख किया। -महज 19 साल की उम्र में धर्मेंद्र की शादी प्रकाश कौर से हो गई थी। लेकिन इंडस्ट्री में खुद को अभिनेता के तौर पर स्थापित करने के बाद उन्होंने ड्रीमगर्ल हेमा मालिनी से शादी की। जहां पहली पत्नी से धर्मेंद्र के दो बेटे सनी देओल और बॉबी देओल हैं। तो वहीं दूसरी पत्नी हेमा मालिनी से उनकी दो बेटियां ईशा और अहाना देओल हैं।

**इतने रुपए थी पहली कमाई**-साल 1960 में धर्मेंद्र ने अपने करियर की शुरूआत फिल्म %दिल भी तेरा हम भी तेरे% से की थी। जिसके बाद एक्टर ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया और अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। वहीं फिल्म फूल और पत्थर से धर्मेंद्र को पहचान मिली। एक बार एक इंटरव्यू के दौरान धर्मेंद्र ने बताया था कि पहली फिल्म के लिए उन्हें सिर्फ 51 रुपए मिले थे।

जब साल 1955-56 में धर्मेंद्र पंजाब से मुंबई हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बनाने पहुंचे, तो वह फिल्मों के लिए टैलेंट हट के जरिए चुने गए थे। लेकिन हंट जीतने के बाद भी धर्मेंद्र को फिल्म नहीं मिली। तो धर्मेंद्र को फिल्में पाने के लिए प्रोड्यूसर्स के ऑफिसों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन फिल्म दिल भी तेरा मैं भी तेरा से इंडस्ट्री में शुरूआत करने के बाद धीरे-धीरे उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना ली। 70 के दशक में जहां शशि कपूर, राजेश खन्ना, संजीव कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज अभिनेताओं के सामने भी धर्मेंद्र ने अपनी चमक कम नहीं होने दी।

# श्रीदेवी के साथ जहान्वी कपूर ने कुछ ऐसा कर दिया था

## जिसके लिए आज भी पछता रही है एक्ट्रेस, फूट-फूट कर अब भी रोती हैं



**जब भी श्रीदेवी पूछती थीं कि क्या वह सेट पर आ सकती हैं तो जान्हवी इनकार कर देती थीं। युवा अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्हें हमेशा लगता था कि उन्हें श्रीदेवी कपूर की बेटी होने का अनुचित लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि कैसे लोगों का यह मानना कि वह श्रीदेवी की बेटी हैं, उन्हें कोई प्रयास नहीं करना पड़ेगा।**

जान्हवी कपूर ने साल 2018 में अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी कपूर को खो दिया था। अभिनेत्री महज 21 साल की थीं जब उनकी मां के निधन की खबर से उनकी पूरी दुनिया तबाह हो गई थी। जान्हवी अपनी मां के बेहद करीब थीं।

जान्हवी कपूर ने साल 2018 में अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी कपूर को खो दिया था। अभिनेत्री महज 21 साल की थीं जब उनकी मां के निधन की खबर से उनकी पूरी दुनिया तबाह हो गई थी। जान्हवी अपनी मां के बेहद करीब थीं। श्रीदेवी की मौत का असर उन पर इस हद तक हुआ कि काफी समय तक जान्हवी इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को स्वीकार नहीं कर पाईं। जैसे-जैसे समय बीतता गया, जान्हवी ने अपने दु:ख से शांति पा ली। वह अक्सर चालबाज अभिनेत्री के बारे में बोलती रहती हैं और हाल ही में उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें अपनी मां के साथ अपने कुछ व्यवहार पर पछतावा है।

### जान्हवी कपूर ने खुलासा किया कि वह श्रीदेवी की बेटी होने के कारण दबाव महसूस कर रही हैं

जान्हवी कपूर ने हाल ही में खुलासा किया कि अपनी पहली फिल्म करण जौहर की फिल्म धड़क की शूटिंग के दौरान वह अपनी मां श्रीदेवी कपूर से दूर रहती थीं। जब भी श्रीदेवी पूछती थीं कि क्या वह सेट पर आ सकती हैं तो जान्हवी इनकार कर देती थीं। युवा अभिनेत्री ने साझा किया कि उन्हें हमेशा लगता था कि उन्हें श्रीदेवी कपूर की बेटी होने का अनुचित लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि कैसे लोगों का यह मानना कि वह श्रीदेवी की बेटी हैं, उन्हें कोई प्रयास नहीं करना पड़ेगा।

### जान्हवी कपूर ने माँ श्रीदेवी कपूर के साथ अपने अनुचित व्यवहार पर खुलकर बात की

बवाल अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अपने व्यवहार पर पछतावा है और उन्हें लगता है कि अपनी मां की बेटी होने का दबाव महसूस करना उनके लिए बहुत बचकाना था। जान्हवी ने कहा कि लोग चाहे कुछ भी कहें सच तो यह है कि मैं श्रीदेवी कपूर की बेटी हैं और हमेशा रहेंगी। अभिनेत्री ने आगे कहा कि आज वह दबाव महसूस करने के बजाय खुद को श्रीदेवी की बेटी कहलाने के लिए आभारी होना पसंद करती हैं। अभिनेत्री ने बताया कि अब वह चाहती हैं कि उनकी मां जीवित होती और वह उनकी फिल्म के हर सेट पर जातीं।वर्कफ्रंट की बात करें तो जान्हवी कपूर अगली बार बॉलीवुड फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएंगी, जिसमें राजकुमार राव भी हैं। वह प्रभास के साथ साउथ फिल्म देवारा में भी अभिनय कर चुकी हैं। उनकी निजी जिंदगी के बारे में बात करें तो अभिनेत्री ने हाल ही में कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ धार्मिक यात्रा की। दोनों को प्रार्थना करते और आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लेते देखा गया।



**काली दास पाण्डेय**



# राज किरन आज तक नहीं मिला इनका सुराग



70 और 80 के दशक में राज किरण का नाम बॉलीवुड के मशहूर सितारों की लिस्ट में शुमार था. उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया. दर्शकों के बीच उनकी गजब की पहचान बनई थी. तो चलिए, सबसे पहले बात करते हैं राज किरण की. राज का जन्म मुंबई में एक सिंधी परिवार में हुआ था. उन्होंने साल 1975 में आई बीआर इशारा की फिल्म %कागज की नाव% से बॉलीवुड में कदम रखा था.साल 1980 के दशक में 100 से अधिक फिल्मों में काम करते दिखे. उनका फिल्मी करिअर काफी अच्छा चल रहा था. इस दौरान उन्होंने बॉलीवुड के कई हिट सुपरहिट फिल्मों में भी किया.

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो राज ने लीड के साथ कई फिल्मों में सपोर्टिंग रोल भी निभाया, लेकिन एक दिन अचानक वह गायब हो गए और आज 25 साल से वह लापता हैं. उनके परिवार को आज भी उनका इंतजार है और पूरा परिवार उनकी तलाश में है.बता दें, राज की पत्नी का नाम रूपा था, जिन्होंने अब दूसरी शादी कर ली है. दूसरी शादी करने के बाद उन्होंने अपना नाम भी रूपा मशरूवाला रख लिया है. वहीं, राज की दो बेटियां ऋशिका महतानी और मन्नत महतानी हैं. उनकी बेटी ऋशिका अपने पिता के हर बर्थडे पर उनके लिए पोस्ट लिखती हैं.


उत्तर प्रदेश
राजधानी:
लखनऊ
भाषा:
हिंदी, उर्दू
प्रथम नागरिक:
आंनदीबेन पटेल
(राज्यपाल)
द्वितीय नागरिक:
श्री योगी आदित्यनाथ
(मुख्यमंत्री)
जनसंख्या: 199812341 (2011)
क्षेत्रफल वर्ग कि.मी. : 240928 (2011)
जनसंख्या घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.): 829 (2011)
लिंग अनुपात (महिलाएं प्रति 1000 पुरुष): 912 (2011)
कार्य भागीदारी दर(%): 32.9 (2011)
बाल श्रमिक आबादी (5-14 साल): 1927997 (2001)
15-24 वर्ष की उम्र वालों की साक्षरता दर(%): 66.5 (2001)
साक्षरता दर में लिंग अंतर (पुरुष-महिला) (%): 20.1 (2011)
गरीबी रेखा से नीचे के राशन कार्ड रखने वाले परिवार: 27.7 (2008)
प्रभा साक्षी

# स्कूटी पर टक्कर मारकर लुटेरों ने बुआ-भतीजों को लूटा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। थाना बिठूर क्षेर में शुक्रवाद की देर रात एक शादी समारोह से अपनी स्कूटी से घर लौट रहे बुआ तथा भतीजे के साथ बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने स्कूटी में जहां टक्कर मारी तो वहीं तमंचे की बट मारकर भतीजें को घायल कर दिया और फायरिंग करते हुए लाखों के जेवरों सहित लगदी भी लूट ली। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

जनकारी के अनुसार थाना बिठूर क्षेत्र के अंतर्गत मंधना निवासी राजेश सिंह जो बीएसएफ में सिपाही है उनकी पत्नी सुधा अपने कन्नौज निवासी भतीजे उत्कर्ष के साथ अपने मामा की बेटी प्रियंका की शादी समारोह में शामिल होने के लिए टिकरा गये हुए थे। उन्होने बताया कि शादी समारोह से देर रात जब वह अपनी स्कूटी से वापस लौट रहे थे तो बभ्भ्यिांन गांव के पास पीछे से अचानक नल्सर बाइक से तीन लुटेरे आ गये और उन्होने स्कूटी पर टक्कर मादी थी, जिससे अनिंयत्रित होकर स्कूटी गिर गयी। इतनी ही देर में बदमाशों ने तमंचा निकाल लिया और उनके माबोइल, पांच हजार नगदी सहित उनकी चेन तथा चार अंगूठी लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग भी कि, जिससे वह घबरा गयी और लुटेरे तमंचा लहराते हुए भाग निकले। वहीं गोली की आवाज सुनकर गांव वाले आ गये और उन्होने पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना प्रभारी अतुल कुमार, एडीसीपी वेस्ट आकाश पटेल पहुंचे तथा दोनो घायलो को रामा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा फायरिंग की घटना से साफ इंकार कर दिया गया है, फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गयी है।

# एडवांसेज इन कैंसर मैनेजमेंट विषय पर दिया व्याख्यान



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आईएमए सेमिनार हाल परेड में पत्रकार वार्ता इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीएमई प्रोग्राम के संबन्ध में की गई। इस सीएमई प्रोग्राम में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सको प्रो डॉ पी के गोयल पूर्व एचओडी कार्डियोलॉजी, एसजीपीजीआई और निदेशक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी ने इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी–विषय पर डॉ अंशुल गुप्ता, निदेशक हेमातो ऑनकोलॉजी × ब्रेन मैरो ट्रांसप्लांट ने इंटरप्रिटेशन ऑफ सीबीसी विषय पर एव डॉ आलोक गुप्ता निदेशक मेडीकल ऑनकोलॉजी ने एडवांसेज इन कैंसर मैनेजमेंट विषय पर अपना व्यखान दिया। इस पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर की अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, चेयरपर्सन वैज्ञानिक सब कमेटी डॉ. ए.के.त्रिवेदी, प्रोफेसर डॉ. पी.के. गोयल पूर्व एचओडी कार्डियोलॉजी, एसजीपीजीआई और निदेशक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ, डॉ. अखिलेश शर्मा, उपाध्यक्ष, डॉ. कुणाल सहाय, सचिव , डॉ. मनीष निगम, वैज्ञानिक सचिव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, वित्त सचिव और डॉ. गौरव मिश्रा, संयुक्त वैज्ञानिक सचिव, आईएमए कानपुर ने संबोधित किया।आई0एम0ए0 कानपुर की अध्यक्ष डा0 नंदिनी रस्तोगी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए इन बीमारियों की गम्भीरता के विषय में बताया। वक्ताओं का परिचय डॉ अखिलेश शर्मा उपाध्यक्ष एवं डॉ गौरव मिश्रा संयुक्त वैज्ञानिक सचिव ने दिया। चेयरपर्सन वैज्ञानिक सब कमेटी डॉ. ए.के.त्रिवेदी, ने आज के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉ मनीष निगम ने किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन आईएमए कानपुर के सचिव डॉ कुणाल सहाय ने दिया ।

# 10 हजार का इनामिया पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के निर्देशन मे अनावरण हेतु शेष अभियोगो में वांछित/इनामियाँ अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त जोन पश्चिम, अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर के निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में उ0नि0 मनोज कुमार चौकी प्रभारी गुरूदेव पैलेस मय हमराह शिव नरेश के चौकी क्षेत्र में निज वाहन से शान्ति व्यवस्था ड्यूटी रोकथाम जुर्म जरायम तालाश वाछित एवं चैकिंग में मामूर थे तभी उ0नि0 करूणा शंकर मिश्रा मय हमराह सुमितनारायन भी निज वाहन से आकर मिले हम लोग इक्ठा होकर आपस में रोकथाम जुर्म जरायम के सम्बन्ध में आपस में बात करने लगे कि तभी मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि अभी देशी ठेका शराब के पास दलहन बाउन्ड्रीवाल के किनारे बम्बा रोड़ पर थाना कल्यानपुर से बाछित 10 हजार रूपये का इनामिया व्यक्ति अवैध तमंचा लिए खड़ा हुआ है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है मुखबिर की सूचना पर पुलिस बाले दलहन बाउन्ड्रीवाल के किनारे बम्बा रोड़ पर खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछा तो अपना नाम अखिलेश ठाकुर उर्फ शुभम पुत्र ओमप्रकाश नि0 – आदर्श नगर हिजडे वाली मस्जिद मस्वानपुर थाना रावतपुर कानपुर नगर व हालपता ग्राम इशीपुर थाना बडागाव कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 28 वर्ष पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुये पकड़े गये व्यक्ति को उसके जुर्म से अवगत कराते हुये अभियुक्त उपरोक्त को हिरासत पुलिस लेकर थाना लाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# विस अध्यक्ष ने किया जना स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा का शुभारंभ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक की गोविंद नगर शाखा का शुभारंभ गोविन्द नगर स्थित शंकर फर्नीचर में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व बैंक के मार्केटिंग हेड श्रीनिवास मूर्ति ने किया। बैंक के जोनल हेड अभिषेक शरन ने बताया कि बैंक शाखा में बचत खाता, सावधि जमा, ऋण और बीमा सहित बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। शाखा में मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग सहित डिजिटल बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान करेगी। नयी शाखा खुलने के साथ ही जना स्मॉल फाइनेंस बैंक की अब पूरे देश में 776 शाखाएं हो गयी है। इस अवसर पर तरुणप्रीत सिंह बग्गा अभिषेक शर्मा अमित त्यागी आदि लोग मौजूद थे।

# मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में उन्नाव बाईपास पर प्रदेश अध्यक्ष मजदूर सभा धनीराम श्रमिक का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता अपने मजदूर साथियों के साथ फूलों का हार, सर पर पगड़ी, गले में फूलों की माला एवं शाल ओढ़ा कर डॉक्टर लोहिया की साहित्य भेंट कर उनका सम्मान किया। सम्मान के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष धनीराम श्रमिक ने सम्बोधित करते हुए कहा 2024 के लक्ष्य को देखते हुए समाजवादी मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से मजबूती करते हुए लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतने का कार्य करना है। ताकि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की केन्द्र में भागीदारी सुनिश्चित हो। स्वागत में नितिन गुप्ता, अशोक गुप्ता, शुभम् गुप्ता, जितेन्द्र कटियार, हरिओम पांडे, विवेक यादव, इम्तियाज रसूल कुरैशी, मोहम्मद मुर्तजा, राजीव अवस्थी, कार्तिकेय गुप्ता, शिवम् गुप्ता,खिल्लू मिश्रा, सहित सैकड़ों समाजवादी मौजूद थे।

# पेंशनर्स की भूमिका तथा उनकी समस्याओं पर विस्तार से की चर्चा




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति, कानपुर के तत्वाधान में पेंशनर्स दिवस समारोह का भव्य आयोजन समाज सदन, अर्मापुर इस्टेट में अत्यन्त उल्लास के माहौल में किया गया जिसमें समिति के 80 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों को माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि अनूप कुमार शुक्ल, उप महानिदेशक / फील्ड यूनिट, कानपुर द्वारा डी0एस0 नाकरा के चित्र में माल्यार्पण किया गया. इसके बाद मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरूवात की। समिति के संरक्षक विनोद तिवारी व गोपाल कृष्ण शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने डी0एस0 नाकरा द्वारा पेंशनर्स के लिए किये गये संघर्ष को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा पेंशनर्स से अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन नन्द किशोर सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि अजय सिंह, कार्यकारी निदेशक, आयुध निर्माणी, कानपुर ने अपने सम्बोधन में समाज में वरिष्ठ नागरिकों व विशेष रूप से पेंशनर्स की भूमिका तथा उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। आलोक कुमार कार्यकारी निदेशक, फील्ड गन फैक्टरी तथा राजीव शर्मा, कार्यकारी निदेशक / स्माल आर्म्स फैक्टरी ने अपने सम्बोधन में पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण का पूर्ण आश्वासन दिया। प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार सचान, महामंत्री नवीन कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष छबिलाल यादव, विनोद शर्मा सहमंत्री मोबीन खान, संगठन मंत्री ए0के0 वर्मा व हरिश्चन्द्र त्रिपाठी सह कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र गुप्ता ने पेंशनर्स की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया और उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से उनके निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाने का अनुरोध किया। समारोह में सीजीएचएस से सम्बद्ध विभिन्न अस्पतालों के डाक्टर्स तथा प्रतिनिधिगण, विभिन्न बैंकों के अधिकारी गण तथा सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स ने भागीदारी की और समिति का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सीजीएचएस से सम्बद्ध विभिन्न अस्पतालों द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप हेतु कैम्प भी लगाया गया।

# एडीजी जोन ने 9 वें गुरु तेज बहादुर सिंह के श्री चरणों में टेका मत्था



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा मोतीझील जनपद कानपुर नगर में आयोजित सिख समुदाय के 9वें गुरू गुरू तेग बहादुर सिंह के तीन दिवसीय शहीदी दिवस के समापन पर मत्था टेका तथा समुदाय के सम्भ्रांत व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया ।

# छात्र-छात्राओं का क्षमता निर्माण/डेरी उद्यम तथा डेरी आधारित प्रबंधन पर निः शुल्क प्रशिक्षण



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग में संचालित स्ट्रैंथनिंग आफ डेरी फॉर्म फॉर कंजर्वेशन का इंडीजीनस काऊ ब्रीड साहिवाल एंड डेवलपमेंट ऑफ़ एंटरप्रेन्योर्स इन डेयरी फार्मिंग परियोजना अंतर्गत छात्र छात्राओं का क्षमता निर्माण डेरी उद्यम और डेयरी आधारित प्रबंधन विषय पर निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहे हैं। प्रोफेसर एवं विभाग अध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश ने बताया कि इस परियोजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए डेरी वेस्ट से जुड़ी सभी नवीन तकनीकी की जानकारी प्रतिदिन प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया गाय के गोबर से दिया, लकड़ी एवं पॉट बनाने की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ दूध से छेना, पनीर, सुवासित दुग्ध एवं दुग्ध के वेस्ट से कृषि कोला बनाने की तकनीकी भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया यह स्वरोजगार योजना छात्रों, पशुपालकों एवं बेरोजगार नवयुवकों को निशुल्क प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के द्वारा जो छात्र छात्राएं एवं नवयुवक प्रशिक्षण लेना चाहते हैं वे व्हाट्सएप नंबर 7379 77 9666 पर संपर्क कर अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार नवयुवकों मे स्वरोजगार को बढ़ावा देना है।इस प्रशिक्षण को विभाग के सभी प्रोफेसर डॉ वेद प्रकाश, डॉक्टर एमपीएस यादव, डॉ रामजी गुप्ता एवं बृजपाल सिंह द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

# गीता स्वाध्याय संकल्प समारोह



कानपुर। श्रीमद्भगवद्गीता जयंती आयोजन समिति, कानपुर प्रांत के आह्वान पर रविवार को केशव मधुवन सेवा समिति, केशव नगर द्वारा केशव मधुवन वाटिका में गीता स्वाध्याय संकल्प समारोह आयोजित किया गया है।समिति के संरक्षक राजेन्द्र अवस्थी ने उपस्थित सभी देवियों एवं सज्जनों को नित्य गीता स्वाध्याय के लिए प्रेरित करने के साथ सकल्प दिलाया। श्री अवस्थी ने बताया गीता भगवान श्रीकृष्ण की अमृत वाणी है जिसमे जीवन जीने की कला के साथ जीवन की सभी समस्याओं, संकाओं का समाधान है।गीता स्वाध्याय से व्यक्ति चरित्रवान, कर्मशील एवम संस्कारित होता है।संकल्प समारोह में प्रमुखरूप से जयराम दुबे, श्याम बिहारी शर्मा, वी के दीक्षित,प्रदीप त्रिपाठी,किशोर , डॉक्टर प्रभात तिवारी,डॉक्टर सी बी गौड़, बी के तिवारी, कप्तान सिंह, ओम प्रकाश गौतम, श्याम सुन्दर मिश्रा, राजेश मिश्रा, रवि गुप्ता, शंकर लाल परशुरमपुरिया, सीमा शुक्ला, डॉक्टर वंदना तिवारी, आदि प्रमुखरू से उपस्थित रहे।

# गला काटकर युवक की नृशंस हत्या, मौके पर आला अधिकारी पहुंचे, प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया मामला



कानपुर नगर। थाना नवाबगंज क्षेत्र के अतंर्गत एक युवक की गला काटकर नृशंस हत्या कर दी गयी। अभी हत्या के कारणों का पता नही ठीक-ठीक नही चल सका है लेकिन प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या के कारण के कयास लगाये जा रहे है। घटना के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गये।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत गंगा बैराज से कुछ ही पहले बने रामेश्वर गेस्ट हाउस में पास रहने वाले 25 वर्षीय युवक की गला काटकर हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना के बाद स्थानीय थाना पुलिस सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आस-पास लोगें से पूंछतांछ की ।मृतक युवक का नाम प्रतीक बताया जाता है और वह यहां नवाबगंज में अकेले ही निवास करता था। मृतक मूल रूप से कन्नौज का रहने वाला बताया जाता है। क्षेत्रीय लोगो के अनुसार रविवार की रात को क्षेत्र के ही रहने वाले उसके दोस्तो के साथ प्रतीक ने शराब पार्टी की थी और किसी बात को लेकर प्रतीक का तीनो दोस्तो से झगडा हो गया था। अभी ठीक-ठीक प्रकार से तो नही लेकिन हत्या का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस कार्यवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, पुलिस द्वारा हत्यारोपी अंकुर को फिर दबिश देकर सूरज और ललित को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों के कपडों में खून लगा पाया गया। तीनों पकडे गये हत्यारोपियों पर हित्या की रिपोर्ट दर्ज की गयी।

# पांचो विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं आयोजित करके लोकसभा चुनाव का माहौल बनाएगी सपा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के नव मनोनीत पदाधिकारियों सदस्यों की समीक्षा बैठक एवं पद वितरण समारोह सपा कार्यालय नवीन मार्केट में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संचालन सपा महानगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया पद वितरण समारोह में सपा मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पद वितरण समारोह में मजदूर सभा के नगर अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा ने मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक के करकमलो द्वारा महासचिव वीरेंद्र कठेरिया उपाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी सौरभ तिवारी मोहम्मद आरिफ रणवीर सिंह रामसागर विश्वकर्मा जगत नारायण विश्वकर्मा सचिव नितेश सोनकर कालीदीन वर्मा मोहम्मद शहनाज तथा कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनियां पत्र देकर व माला पहनकर सम्मान किया इस अवसर पर मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूर सभा कानपुर महानगर की पांचो विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं करके आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए माहौल तैयार करेगी तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को मजदूर सभा से जोड़ने का कार्य भी करेगी मजदूर सभा के कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी सरकार सरकार की उपलब्धियां एवं विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएगी सपा मजदूर सभा समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर की मेन बॉडी के साथ मिलकर बूथ कमेटियों के गठन में अपना पूरा सहयोग करेगी धनी लाल श्रमिक ने आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव बहुत नजदीक है हमें सबसे पहले अपना भूत सेक्टर वी जोन मजबूत करना होगा जब तक हमारा बूथ मजबूत नहीं होगा तब तक चुनाव का परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आएगा आप सभी लोग जनता के बीच जाकर जनता की रोजमर्रा वह मूलभूत समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करें तथा जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु जनता के कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान दें कार्यक्रम के अंत में मजदूर सभा के नव मनोनीत राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारशी का मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने फूल माला पहनकर स्वागत किया स्वागत समारोह में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू उपाध्यक्ष आनंद शुक्ला मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनी लाल श्रमिक मजदूर सभा के नगर अध्यक्ष दिनेश कुमार विश्वकर्मा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगतपाल यादव कानपुर देहात के जिला अध्यक्ष चौधरी सरनाम सिंह जालौन जिला अध्यक्ष गौतम महाराज जालौन महासचिव हिमांशु खरकिया जिला महासचिव कानपुर देहात अनुज यादव देहात उपाध्यक्ष अर्जुन यादव प्रदेश सचिव शेषनाथ यादव दिनेश शर्मा सूरज वाली विश्वकर्मा मोहम्मद शाहिद बाबू यादव राजेश कुमार विनोद कुमार प्रमोद कुमार दुबे आज सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।